उज्जैन
बुधवार
24
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-231
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पेज 3 ▸ ईडी केस में विशाल अग्निहोत्री की जमानत मंजूर छापेमारी में 1.5 करोड़ नकद, दस्तावेज और डिजिटल उपकरण हुए थे जब्त

पेज 7 ▸ विमेंस वर्ल्डकप में भारत का सेमीफाइनल पहुंचना मुश्किल, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराना पड़ेगा


## नेपाल के पूर्व वित्त मंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल गिरफ्तार



**नेपाल।** नेपाल के पूर्व वित्त मंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बिष्णु प्रसाद पौडेल को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार देर रात उन्हें पश्चिमी नेपाल के एक होटल से हिरासत में लिया। अधिकारियों के अनुसार उन्हें आगे की जांच के लिए काठमांडू लाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता अबी नारायण काफ्ले ने बताया कि 66 वर्षीय पौडेल को मनी लॉन्ड्रिंग जांच विभाग को सौंपा जाएगा। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है। पौडेल पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की सरकार के प्रमुख नेताओं में रहे हैं और उन्होंने वित्त मंत्री समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला है।

## अमेरिकी सीनेट में ईरान जंग के खिलाफ प्रस्ताव पास, ट्रम्प से सैन्य कार्रवाई रोकने को कहा

**तेल अवीव।** अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने ईरान जंग के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है। 50-48 वोटों से मंजूर हुए इस प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए कहा गया है। इससे पहले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में भी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। 1973 के वॉर पॉवर्स एक्ट के बाद यह पहला मौका है, जब अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों ने किसी राष्ट्रपति से युद्ध जैसी कार्रवाई खत्म करने की मांग की है। वोटिंग के दौरान चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जिससे ट्रम्प की पार्टी के भीतर बढ़ती बागवत भी सामने आई।

## इटली में समय से पहले चुनाव पर विचार कर रहीं मेलोनी, लोकप्रियता घटने की चिंता




**इटली।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी तय समय से पहले चुनाव कराने पर विचार कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें डर है कि अगर चुनाव 2027 के आखिर तक हुए तो उनकी लोकप्रियता और कम हो सकती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक मेलोनी अप्रैल 2027 में ही चुनाव करा सकती हैं। इसके लिए उन्होंने प्रेसिडेंट ऑफिस से भी चर्चा की है। इटली में नए चुनाव कराने का फैसला राष्ट्रपति की मंजूरी से होता है। मार्च में मेलोनी सरकार को बड़ा झटका लगा था, जब उनकी सरकार समर्थित एक जनमत संग्रह (रेफरेंडम) को लोगों ने खारिज कर दिया।

## दिल्ली में बच्ची से रेप-हत्या, आरोपी को गोली मारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 साल की बच्ची से रेप और उसकी हत्या का आरोपी मंगलवार रात पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस का दावा है कि उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। रोकने के लिए उसे पैर में गोली मार दी गई। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित बच्ची गुब्बारा बेचती थी। सोमवार सुबह फुटपाथ पर सो रही थी। आरोप है कि टैक्सी ड्राइवर बबलू ने उसे अगवा किया। उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगल में फेंक दी। सोमवार सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से चार घंटे में ही बबलू को गिरफ्तार कर लिया।

## बदलती दुनिया में ब्रिक्स की बढ़ी अहमियत, मोदी बोले- नई चुनौतियों से मिलकर निपटें



**नईदिल्ली।** नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल में ब्रिक्स की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मोदी ने कहा कि आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और नई तकनीकों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स साझा चुनौतियों का समाधान निकालने और देशों के बीच सहयोग बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में 12,000 लोगों ने योग किया


**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में शनिवार को 12 हजार से ज्यादा लोगों ने योग किया। दुनिया के सबसे व्यस्त चौराहों में गिने जाने वाले इस जगह पर अलग-अलग देशों और समुदायों के लोग योग करने के लिए जुटे। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के मुख्य आकर्षण योग गुरु डॉ. एच.आर. नागेंद्र रहे। बेंगलुरु स्थित एस-व्यासा यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग गुरु के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस साल योग दिवस की थीम स्वस्थ और लंबी उम्र के लिए योग है।

### प्रवर्तन निदेशालय के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक बड़े मामले में कार्रवाई

# 356 करोड़ के बैंक फ्रॉड में ईडी का शिकंजा

## इंदौर-शाजापुर की 35.52 करोड़ की संपत्ति कुर्क, धनलक्ष्मी सॉल्वेक्स मामले में बड़ी कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**



प्रवर्तन निदेशालय के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए 35.52 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई है।

ईडी की जांच के अनुसार यह मामला एम/एस धनलक्ष्मी सॉल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशकों और उससे जुड़े संस्थानों और व्यक्तियों से संबंधित है। कंपनी पर बैंकों के साथ करीब 356.31 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। ईडी द्वारा जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उनमें इंदौर और शाजापुर जिलों में स्थित आवासीय फ्लैट एवं भूमि के विभिन्न टुकड़े शामिल हैं। ये संपत्तियां आरोपित व्यक्तियों के नाम पर दर्ज हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि बैंक फ्रॉड से अर्जित या उससे जुड़े धन के निवेश के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की जा रही है। इसी के तहत संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क (प्रोविजनल अटैचमेंट) किया गया है।

### 356 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले की जांच जारी

- ईडी इस पूरे मामले में धन के स्रोत, उसके उपयोग और विभिन्न संपत्तियों में निवेश की पड़ताल कर रही है। जांच में कंपनी के निदेशकों और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।
- अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे भी वित्तीय लेन-देन और अन्य संपत्तियों की जांच जारी रहेगी तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महाकाल मंदिर में 142 करोड़ रुपए की आय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



महाकाल लोक बनने के बाद बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ दान का प्रवाह भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में महाकाल मंदिर समिति को रिकॉर्ड 142 करोड़ रुपए की आय हुई है, जिसमें केवल दान मद से ही 78 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। यह बीते छह वर्षों में सबसे अधिक दान है और पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 27 करोड़ रुपए ज्यादा है।

मंदिर समिति के अनुसार दान पेटियों से 62 करोड़ रुपए, नगद काउंटर पर 5 करोड़ 50 लाख रुपए, मनी ऑर्डर से 1.23 लाख रुपए, ऑनलाइन माध्यम से 3 करोड़ 60 लाख रुपए, अन्नक्षेत्र से 3 करोड़ 38 लाख रुपए तथा गुप्त दान के रूप में 4 करोड़ 65 लाख रुपए प्राप्त हुए।

वहीं लड्डू प्रसादी की बिक्री से 65 करोड़ रुपए की आय हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने सोने-चांदी के करोड़ों रुपए मूल्य के आभूषण भी दान किए हैं।

### भरत तिवारी एनकाउंटर में बड़ा एक्शन

# एसडीपीओ-एसएचओ सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ आरा**

भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में परिजनों के आवेदन पर मंगलवार को एफआईआर दर्ज हुई है। परिजनों के आवेदन पर 5 दिन बाद शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। ये मामला एनकाउंटर में शामिल पुलिसवालों के खिलाफ दर्ज किया गया है। पुलिस एनकाउंटर में भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी की मौत हुई थी।

मृतक भरत तिवारी की मां आशा देवी के बयान पर शाहपुर थाने में भरत तिवारी एनकाउंटर में शामिल पुलिस कर्मियों को अभियुक्त बनाया गया है। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया है। आवेदन में भरत तिवारी की मां ने जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा, शाहपुर के तत्कालीन थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार समेत अन्य पुलिसकर्मियों को नामजद आरोपी बनाया है। आशा देवी ने भोजपुर पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन ने कहा, 'भरत तिवारी फेसबुक पर लाइव था। वीडियो में दिखाई देता है कि भरत तिवारी ने पिस्तौल फेंक दी है। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और पांच गोली मारकर घायल कर दिया।' बता दें, भरत तिवारी के एनकाउंटर के बाद से ही परिजन यह मांग कर रहे थे कि पुलिस कर्मियों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और उनको फांसी दी जाए, तब जाकर के परिवार को न्याय मिल पाएगा।



### 17 जून को हुआ था भरत तिवारी का एनकाउंटर

17 जून 2026 को पुलिस एनकाउंटर में भरत तिवारी को गोली लगी थी। इसके बाद इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद से लगातार यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब शाहपुर थाना में आवेदन के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को ही आरा सदर अस्पताल में एनकाउंटर के बाद भरत तिवारी का प्राथमिक इलाज करने वाले डॉक्टर का बयान सामने आया था। डॉक्टर ने बताया था कि भरत तिवारी को चार से पांच गोलियां लगी थीं।

### एमपी में मानसून की दस्तक जल्द

# आज 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद मानसून की एंट्री का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून राज्य की सीमा तक पहुंच चुका है और अगले दो से तीन दिनों में बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।

लंबे इंतजार के बाद अब मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रदेश की सीमा तक पहुंच चुका है और अगले दो से तीन दिनों में बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते राज्य में प्रवेश कर सकता है। मानसून आने से पहले प्रदेशभर में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को भोपाल समेत 42 जिलों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई गई है।



### पूर्वी मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित

बारिश की कमी का सबसे अधिक असर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में देखने को मिला है। जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में औसतन 72 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और ग्वालियर-चंबल संभाग में औसतन 35 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

### कई जिलों में बरसे बादल, तापमान में आई गिरावट

मंगलवार को प्रदेश के कई हिस्सों में प्री-मानसून बारिश हुई। बालाघाट में सवा इंच और रायसेन में पौन इंच वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा धार, इंदौर, नर्मदापुरम, खरगोन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर, सिवनी, टीकमगढ़ और बड़वानी समेत कई जिलों में बारिश हुई। बारिश और बादलों के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में 32.2 डिग्री, इंदौर में 33.9 डिग्री, उज्जैन में 34.8 डिग्री और जबलपुर में 35.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। दूसरी ओर दतिया और सीधी सबसे गर्म रहे, जहां पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### कॉकरोच पार्टी फाउंडर दीपके बोले-

# हम आतंकवादी नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार चौथे दिन अपना धरना-प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के दहशतगर्दों की बी टीम वाले बयान का जवाब दिया। दीपके ने कहा, 'सोचिए प्रधान ने क्या कहा। जब हम उन छात्रों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जिन्होंने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि सीजेपी आतंकवादियों की बी टीम है। अभिजीत ने कहा- शिक्षा मंत्री देश के युवाओं को आतंकवादी कह रहे हैं। सर, हम आतंकवादी नहीं हैं। हमें आप जैसे लोगों से देशभक्ति के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। इसके बाद पर एक और पोस्ट में दीपके ने लिखा, 'धर्मेंद्र प्रधान हमें आतंकवादी कहते हैं। विडंबना यह है कि उनके हाथ 17 से ज्यादा छात्रों के खून से रंगे हैं।'

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि में हर महीने 1 करोड़ चढ़ावा

# अयोध्या की तरह जांच हो : डिंपल यादव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मथुरा**

मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि में हर महीने 1 करोड़ चढ़ावा आ रहा है। मंदिर ट्रस्ट का दावा है कि श्रीकृष्ण के लिए आने वाला चढ़ावा पूरी तरह से सुरक्षित है। काउंटिंग से लेकर बैंक में डिपॉजिट करने तक एक-एक रुपए की निगरानी हो सके, इसलिए हर दिन सिर्फ 1 दानपात्र खोला जाता है।



ट्रस्ट का ये दावा ऐसे वक्त आया है, जब अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में करोड़ों रुपए का चढ़ावा चोरी हो गया। एसआईटी ने जांच रिपोर्ट 23 जून, 2026 को एसीएस (गृह) संजय प्रसाद को सौंप दी है।

सपा सांसद डिंपल यादव कह चुकी हैं, सरकार मंदिरों में कॉरिडोर (मथुरा-वृंदावन) बनवा रही है। कहीं वहां पर भी घोटाले तो नहीं हो रहे हैं। अयोध्या में सरकार साजिशन चोरी छिपाती रही।' वहीं, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने मंदिर के चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोप लगाए। इसके 24 घंटे के अंदर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने फलाहारी बाबा पर एफआईआर करवा दी।

## टेलीग्राम चालू, प्ले स्टोर पर वापस आया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**



इंस्टेंट मैसेजिंग एप टेलीग्राम 7 दिन बाद भारत में फिर से चालू हो गया है। नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के नकली और लीक पेपर सकुर्लेट होने के विवाद के बाद केंद्र सरकार ने एप और उससे जुड़ी वेब सर्विसेज को 22 जून तक ब्लॉक कर दिया था।

21 जून को नीट री-एग्जाम होने के बाद एप पर लगा अस्थायी प्रतिबंध खत्म हो गया है। इसके बाद 23 जून की सुबह से एप गूगल प्ले स्टोर पर दोबारा दिखने तो लगा, लेकिन कई यूजर्स ने एप डाउनलोड नहीं हो पाने की शिकायत की।

वहीं, कुछ यूजर्स ने कहा कि 'एप डाउनलोड करने के बाद वे साइन अप नहीं कर पा रहे हैं या चैट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। कुछ मामलों में यह समस्या जियो और एयरटेल दोनों नेटवर्क के यूजर्स हुई। वहीं, आईफोन यूजर्स के लिए टेलीग्राम एप स्टोर पर अवेलेबल नहीं था।

### सिंधु नदी के पानी को तरसा पाकिस्तान

# आर्मी चीफ भारत के खिलाफ जंग की साजिश रचने में जुटे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**



**एलओसी पर 35 ड्रोन यूनिट तैनात**

भारत ने सिंधु नदी का पानी रोक कर पाकिस्तान को तरसा दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छेड़े ऑपरेशन सिंदूर के बाद सिंधु का पानी रोकने से पाक की कमर टूट गई है। पानी के लिए अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद जहां पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जंग छेड़ने की भभकियां दे रहे हैं।

वहीं, जंग का मंसूबा पाले आर्मी चीफ आसिम मुनीर साजिश रचने में जुटे हैं। एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर पाक सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाक ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है।

पाकिस्तान ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरूआत में ही मूव करा कर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है। बता दें कि इन्हीं जगहों से पाक भारत में आतंकियों की घुसपैठ भी करता रहा है।

### चीन 5वीं जेनरेशन का फाइटर जेट देगा

- ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने पाक को 36 मल्टी रोल जे-सीरीज फाइटर जेट की सप्लाई की है। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एफ-35 जेट का चीनी वर्जन जे-35 भी साल के अंत तक पाकिस्तान को मिलने वाला है। इस जेट की टेस्ट फ्लाइट्स हो चुकी हैं।
- पाक को ड्रोन सप्लाई करने के बाद अब तुर्किये कराची के पास साझा कॉम्बैट ड्रोन असेंबली प्लांट भी लगाया है। यहां हर साल 700 ड्रोन बनेंगे। पाकिस्तान ने इन ड्रोन को बांग्लादेश को एक्सपोर्ट करने का एमओयू भी किया है। तुर्किये पाक के लिए मिलजैम क्लास पनडुब्बी भी बना रहा है। पाकिस्तान को इस पनडुब्बी की साल के अंत तक डिलीवरी भी मिल जाएगी।

## यूरोप में भीषण हीटवेव फ्रांस में 2 बच्चों समेत 18 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूरोप**

यूरोप के कई देशों में जारी भीषण हीटवेव ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। फ्रांस में दो छोटे बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई है। वहीं फ्रांस, स्पेन, ब्रिटेन और इटली में तापमान कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। दक्षिण-पूर्वी फ्रांस के कारपेंट्रा में 2 और 4 साल के दो बच्चे अपने घर के बाहर खड़ी कार में बेहोश मिले। बचावकर्मियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों की मौत हो गई। इसके अलावा फ्रांस में रविवार और सोमवार के बीच 13 लोगों की डूबने से मौत दर्ज की गई। बोर्दो क्षेत्र में तीन बुजुर्गों की भी हीटवेव से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण जान चली गई। फ्रांस के बोर्दो में तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि पोइटियर्स में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों शहरों में पुराने रिकॉर्ड टूट गए। पेरिस में भी जून महीने का सबसे अधिक तापमान दर्ज होने की संभावना जताई गई है। स्पेन के सैन सेबास्टियन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जो इस समय के सामान्य औसत से काफी अधिक है।




## खबर एक नजर...

### जेएनयू की प्रोफेसर अंशु जोशी की दो पुस्तकों का विमोचन आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजन पीठ और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला के तत्वावधान में बुधवार दोपहर एक बजे वाग्देवी भवन में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की प्रोफेसर अंशु जोशी की दो सद्यः प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। उज्जैन की बेटी प्रोफेसर जोशी जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में पदस्थ हैं। इस आयोजन में उनकी पुस्तक 'वैश्विक राजनीति 2025' और 'लाल दीवारें सफेद झूठ' का विमोचन होगा। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य वरुण गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. दीपिका गुप्ता, आचार्य डॉ. जगदीशचंद्र शर्मा और समाजशास्त्र अध्ययनशाला के संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुलमी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह करेंगे।

### गौसेवा कर किया, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनीं कानन जैन का सम्मान

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र कुमार नाहर के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को तिलकेश्वर गौशाला में सेवा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जीवनदीप परिवार व महिला विंग द्वारा नाहर का स्वागत करने के साथ ही समाज की प्रतिभाशाली बेटी कुमारी कानन जैन के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नारायण यादव, अशोक कोठारी, अशोक जैन मुन्ना सरकार, प्रदीप पीपाड़ा, रजत मेहता सहित जीवनदीप महिला विंग की सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौरक्षा का संकल्प लिया। आयोजन में नारायण यादव ने महेंद्र नाहर का सम्मान किया। वहीं, कुमारी कानन जैन की उपलब्धि को समाज के लिए गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने महेंद्र नाहर के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजसेवा और मानव कल्याण को समर्पित किया है। उनके मार्गदर्शन में जीवनदीप परिवार वर्षों से निशुल्क चिकित्सा सहायता, रक्तदान, उपकरण व एम्बुलेंस सेवा और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर रहा है। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

### महेश नवमी महोत्सव में उमड़ा माहेश्वरी समाज का उत्साह

**उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव 2026 के अंतर्गत भव्य वाहन रैली एवं श्री महेश मेले का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रमों में माहेश्वरी समाज के युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं बच्चों सहित लगभग 800 समाजजनों ने सहभागिता की। प्रातः आयोजित भव्य वाहन रैली का शुभारंभ इस्कॉन मंदिर से हुआ। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री महेशधाम, अंकपात मार्ग पहुंची। उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्री संजय लड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली में समाज के युवाओं एवं नारी शक्ति ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए सामाजिक एकता, संस्कारों एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रभावी संदेश दिया। महेश नवमी कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री योगेश मंडोवरा, श्री निलेश हेडा एवं श्री अभिनंदन शारडा ने बताया कि सायंकाल देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में आयोजित श्री महेश मेले में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भव्य शिव स्तुति, शिव तांडव,वंदना के द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, व्यापार, शिक्षा, रोजगार, लाइफस्टाइल एवं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जो समाजजनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

# महाकाल में वीआईपी कल्चर के खिलाफ बजरंग दल का हल्ला बोल, शंख द्वार पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

## काल भैरव में 500 रुपए दर्शन शुल्क का विरोध; भस्म आरती में ठगी और भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में बढ़ती वीआईपी संस्कृति और काल भैरव मंदिर में 500 रुपए की सशुल्क दर्शन व्यवस्था के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। हजारों कार्यकताओं ने महाकाल लोक से शंख द्वार तक शांतिपूर्ण आक्रोश मार्च निकाला और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम मंदिर के सहायक प्रशासकों को ज्ञापन सौंपकर वीआईपी व्यवस्था तत्काल बंद करने की मांग की गई।

वीआईपी व्यवस्था बंद करो और जय-जय श्री राम के जयघोष के साथ बजरंग दल कार्यकर्ता आम श्रद्धालुओं की तरह कतार में लगकर बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे। कार्यकताओं ने आस्था के नाम पर हो रही कथित लूट पर सवाल उठाते हुए शंख द्वार पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। भीड़ को देखते हुए महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। प्रदर्शन



के बाद पदाधिकारियों ने महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जोनवाल और आशीष फुलवाडिया को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन में विहिप ने स्पष्ट किया कि भगवान के सामने सभी भक्त समान हैं, वहां कोई मूल्यवान या मूल्यहीन नहीं होता। मंदिर में किसी भी प्रकार की वीआईपी व्यवस्था आस्था के मूल सिद्धांतों को कमजोर करती है और इससे समाज में विभाजन गहराता है। संगठन ने मांग की है कि अतिशीघ्र वीआईपी व्यवस्था बंद कर क्रमबद्ध दर्शन व्यवस्था लागू की जाए।

भस्म आरती टिकटों की कालाबाजारीः मंदिर में भस्म आरती पास के नाम पर श्रद्धालुओं से लगातार ठगी हो रही है। हाल ही में स्टिंग ऑपरेशन में भी इसका खुलासा हुआ है, लेकिन प्रशासन की ढीली कार्यशैली के कारण ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचारः विकास के नाम पर धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। एक ही स्थान की टाइल्स को बार-बार हटाकर पुनः लगाया जा रहा है। लाइव दर्शन और निर्माण में देरीः शंख द्वार के पास श्रीहरि मंदिर निर्माण और लाइव दर्शन पुनः चालू करने के लिए मंदिर समिति ने दो महीने का समय मांगा था, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी इसे बहाल नहीं किया गया। विहिप के सह प्रचार-प्रसार प्रमुख राज जोशी ने चेतावनी दी है कि एक आदर्शवादी व्यवस्थापक के अभाव में महाकाल मंदिर की यह स्थिति निर्मित हुई है। यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और हिंदू मानबिंदुओं पर आघात बंद नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ उज्जैन जिला द्वारा अध्यक्ष रवि बिजोरिया के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) बारेलाल अहिरवार, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं भोपाल जिला अध्यक्ष कृष्ण चौधरी तथा उज्जैन संभाग प्रभारी खिलान सिंह अहिरवार का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा नगर जिला अध्यक्ष उज्जैन के जितेंद्र भाटी, महाकाल दर्शन प्रभारी राजकुमार मालवीय पटेल, एमआईसी सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, श्री अनिल शेर सहित महापीठ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रविदास सेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य चुन्नीलाल एवं गोपाल का भी स्वागत किया गया। वहीं रविदास सेवा संघ के जिला अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी एवं संस्था सचिव राकेश सूर्यवंशी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। मुकेश सुनहरे सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाली समाज की होनहार बेटियों का सम्मान राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त बारेलाल अहिरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापीठ के महामंत्री कमलकांत राजोरिया, वरिष्ठ नेता राजेंद्र अजमेरी, बालमुकुंद मीना, रोहन गिरिजे, अनिल शेर, विनोद धौलपुरिया, मनीष जी सहित बड़ी संख्या में रविदास समाज के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जयपुर के परिवार ने 101 ब्राह्मणों को कराया भोज, हारितेश्वर महादेव का किया अभिषेक

## महाकाल को अर्पित किया चांदी का छत्र, गौशाला में गायों को खिलाया हरा चारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में जयपुर के नीदड़ स्थित सनसिटी निवासी भक्त भागचंद बलेसरा और उनकी पत्नी सीता देवी के परिवार ने भगवान महाकाल को 1 किलो 300 ग्राम का चांदी का छत्र अर्पित किया। इसके अगले दिन परिवार ने नगरकोट स्थित हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में हारितेश्वर महादेव और शिव पंचायत का विधि-विधान से अभिषेक कर महाआरती की और 101 ब्राह्मणों को ब्रह्मभोज कराया।

युवा मंच के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि पंडित श्रवण अग्निहोत्री के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक संपन्न हुआ। इसमें भागचंद बलेसरा के साथ उनके पुत्र गोविंद और सीताराम बलेसरा ने सपत्नीक अभिषेक किया। महाआरती और ब्राह्मण भोज के पश्चात सभी ब्राह्मणों को ससम्मान तिलक लगाकर विदाई दी गई।

गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा

इससे पूर्व धमालु परिवार ने अंकपात मार्ग स्थित शीतला माता गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया के नेतृत्व में पूरे परिवार ने गौ माता की सेवा की। गौशाला के व्यवस्था प्रमुख महंत बालकृष्णदास ने गौ सेवक परिवार का अंग वस्त्र पहनाकर और पुष्पमाला से भव्य स्वागत किया।

उज्जैन हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर से महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में जयपुर से आए अतिथियों का महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में जयपुर के राजकुमार बलेसरा, रमेश बंदावला, गोपाल बापलावत, जगदीश कोठोत्या, जयप्रकाश बिबाल, घनश्याम गोगोरिया, महावीर बलेसरा, गोविंद शर्मा, गोपाल शर्मा, पप्पू राम शर्मा और जयप्रकाश शर्मा शामिल थे। उज्जैन समाज की ओर से शिवनारायण शर्मा, दिलीप पंचोली, पवन शर्मा, विनय शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल शर्मा, हरिशंकर शर्मा और कैलाश शर्मा ने अतिथियों का आत्मीय सत्कार किया।

### मातृशक्ति का भी हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मातृशक्ति का सम्मान उज्जैन महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पा बड़गोती और महासचिव पुष्पलता कुलचानिया के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वरिष्ठ महिला नेत्री अनीता शर्मा, पुष्पलता शर्मा, तिलोत्तमा शर्मा, वंदना शर्मा, कृष्णा शर्मा और सपना शर्मा ने जयपुर से आईं सीता देवी, ममता शर्मा, सुमन शर्मा, गायत्री शर्मा, बीना शर्मा, कमलीदेवी शर्मा, अनीता शर्मा और सोनाली शर्मा का अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि दी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अग्रदूत श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल के वार्ड क्रमांक 52, बूथ क्रमांक 202 पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को स्मरण किया। इस अवसर पर नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल प्रभारी पंकज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, महामंत्री कुलदीप पांचाल, बूथ अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मथुरिया, वरिष्ठ नेता बाबूलाल नारवाले, सैमसन दास, राधेश्याम परमार, मोहनलाल गौड़, भागीरथ मालवीय, वार्ड संयोजक संजय जायसवाल, जितेंद्र राव, अभिषेक, प्रमोद चम्पावत, यादव सिंह मथुरिया, जाकिर पठान, शुभम चौहान, अनवर पटेल, रामलाल परमार, आकाश पाल, गोपाल जी, प्रदीप सिंह, उमेश जी, सोमेश सक्सेना, प्रशांत जायसवाल, अशोक पोरवाल अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।

# ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

### मालवा दर्पण फाउंडेशन का आयोजन, 100 से अधिक बच्चों ने लिया भाग, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्राम हरसोदन स्थित तक्षिंदा पब्लिक स्कूल में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए बहुविकल्पीय सामान्य ज्ञान परीक्षा और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित 50 प्रश्नों की इस परीक्षा में आसपास के गांवों के 100 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

परीक्षा में जय अमला स्कूल हरसोदन की छात्रा ऋषिका पाटीदार ने प्रथम, तरुण पाटीदार ने द्वितीय तथा तनिषा शक्तावत एवं प्रांजल पाटीदार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा विजेताओं को क्रमशः 1000, 500 और 300 रुपए नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ 10 परीक्षार्थियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में हरसोदन के सुमित चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित को 500 रुपये नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को योग और अनुशासन का महत्व बताया। विशेष अतिथि सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन के श्री अर्पित शर्मा ने सिविल एवं डिफेंस परीक्षा की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सोलंकी ने घोषणा की कि आगामी समय में फाउंडेशन से जुड़े जो भी बच्चे 10वीं, 12वीं की परीक्षा सहित खेल व संस्कृति के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनमें से प्रथम 10 विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

# महाकाल की नगरी को 'योग नगरी' बनाने का संकल्प, शहरवासियों ने उत्साह से किया योगाभ्यास

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न संस्थाओं ने शहर भर में लगाए निःशुल्क शिविर, हजारों लोगों ने लिया लाभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑगेनाइजेशन और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहर भर में अनेक निःशुल्क योग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर पूरे उज्जैन को योगमय बनाया गया।



पतंजलि महिला जिला प्रभारी, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑगेनाइजेशन की जिला सचिव और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन की संस्थापक योगाचार्य सुषमा यादव ने अपनी टीम के साथ इन शिविरों का सफल संचालन किया। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम के सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को योग के फायदे बताए और अभ्यास कराया।

योगाचार्य सुषमा यादव और उनकी टीम के मार्गदर्शन में मुख्य रूप से विद्या भारती सम्राट विक्रमादित्य भवन में अखिल भारतीय बालिका शिक्षा प्रमुखों, पार्श्वनाथ सिटी में 200 रहवासियों और वर्जिन मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में 1200 विद्यार्थियों ने योग किया। इसके साथ ही गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्टेट्रिशियन डॉक्टर्स सोसाइटी, एलन करियर एंड इंस्टीट्यूशन में तीन दिवसीय शिविर, सनातन हिंदू महिला संगठन और अंजुश्री नारी शक्ति क्लब में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए।

योगाचार्य सुषमा यादव ने बताया कि जिस तरह सभी लोग दीपावली की तैयारी करते हैं, वैसे ही उनकी पूरी टीम योग दिवस की तैयारी करती है। एक महीने पहले से ही जगह-जगह शिविर लगाना प्रारंभ कर दिया जाता है ताकि पूरा शहर योग के प्रति जागरूक हो सके और हर घर में योग हो। उनका मिशन है कि आने वाले समय में उज्जैन को बाबा महाकाल की 'योग नगरी' के नाम से जाना जाए।

## राष्ट्रीय-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में पद्मभूषण पं. व्यास जी का योगदान अविस्मरणीय - प्रो. शर्मा

# पद्मभूषण पं. व्यास की50वीं पुण्यतिथि पर कालिदास संस्कृत अकादमी में याद करने पहुंचे देश-प्रदेश के विद्वज्जन

### भूमंडल पर अगर कोई सूर्य था तो वह पंडित व्यास जी थे झ प्रो. केदारनारायण जोशी

उज्जैन। पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास ने राष्ट्रीय-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने पत्रकारिता और साहित्य को सांस्कृतिक जागरण का माध्यम बनाकर जनचेतना को पुनर्जीवित किया जो आज के समय में फिर से चिंतन का विषय है। पंडित जी ने शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के पुनरुत्थान के साथ लोकभाषा मालवी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। महर्षि व्यास की पीठ को नमन करने भारती भवन में देश-दुनिया के प्रतिष्ठित लोग पहुँचते थे।




ये विचार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कालिदास संस्कृत अकादमी में पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास की पचासवीं पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह में व्यक्त किए।

पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य डॉ. केदारनारायण जोशी ने कहा कि भूमंडल पर अगर कोई सूर्य था जिसका सर्वत्र देदीप्यमान आलोक था, तो वह पंडित सूर्यनारायण व्यास थे। विक्रमादित्य को इतिहास में स्थापित करने का श्रेय पंडित जी को जाता है।

प्रसिद्ध मालवी कवि प्रो. शिव चौरसिया ने कहा कि, ह्यदिसा दिसा में अमरत बांटयो, जस छायो अक्कास, उज्जैनी का झलमल सूरज सूर्यनारायण व्यास ाह्ल उन्होंने कहा कि पंडित जी ने प्रमाणित किया कि सम्राट विक्रमादित्य प्रवर्तित विक्रम संवत ही सबसे प्राचीन संवत है।

### आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला

आरम्भ में पंडित जी के यशस्वी सुपुत्र एवं दूरदर्शन-आकाशवाणी नई दिल्ली के पूर्व अपर महानिदेशक पं. राजशेखर व्यास ने आयोजन की पीठिका रखते हुए पंडित जी के बहुआयामी अवदान और आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। मुंबई से पधारे अभिनेता देवेन्द्र खंडेलवाल ने पंडित जी को याद करते हुए कहा कि पंडित जी को इसलिए भी याद किया जाता है कि उनकी असंख्य भविष्यवाणियां समय के साथ सही साबित हुईं। भोपाल से पधारे साहित्यकार श्री आलोक त्यागी ने कहा कि पंडित जी की याद को समर्पित ऐसे कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित होने चाहिए। व्यंग्यकार डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने कहा कि पंडित जी साहित्य, कला और संस्कृति के मर्मज्ञ थे। पूरन सहगल (मनासा) ने उन्हें याद करते हुए कहा कि पंडित जीवन की आचार संहिता थे।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक शहीद पार्क में आयोजित की गई। बैठक में श्री सिंथेटिक्स कंपनी के कर्मचारियों के लंबित भुगतान, बकाया राशि, पेंशन बढ़ोतरी एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रकाश सोलंकी ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कुछ दिन पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान की मांग की गई थी, लेकिन शासन की ओर से अभी तक कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। इसके चलते बैठक में आगे की आंदोलन की रणनीति पर विचार किया गया। अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा आंदोलन को तेज किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे लगातार अपने हक के भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## हास्य व्यंग्य और कविताओं ने बांधा समां देर रात तक गूंजे श्रोताओं के ठहाके



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महेश नवमी महोत्सव 2026 की पूर्व संध्या पर श्री माहेश्वरी समाज युवा संगठन एवं श्री माहेश्वरी सभा युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में नृसिंह मंदिर सभागार में विराट हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। रात 8 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में समाज के रचनाकारों ने अपनी हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रृंगार और चिंतन से ओतप्रोत कविताओं से देर रात 12 बजे तक श्रोताओं को बांधे रखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्याम अटल ने की। मुख्य अतिथि श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चोखड़ा और विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा थे। वहीं श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी और महेश नवमी समारोह के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश काबरा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु इनानी द्वारा सरस्वती व महाकाल वंदना से किया गया।

कवि सम्मेलन में सावन बजाज ने 'माटी का कण' सहित तीन कविताएं, नीलेश कोठारी ने सम्पत सरल की शैली में व्यंग्य, कोमल भूतड़ा ने 'वर्नियर कैलिपर' पर हास्य रचना और पी.डी. होलानी ने समसामयिक कविता व शायरी प्रस्तुत की।

उज्जैन
बुधवार
24
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

शत्रौ मित्रे पुत्रे बन्धौ, मा कुरु यत्नं विग्रहसन्धौ। सर्वस्मिन्नपि पश्यात्मानं, सर्वत्रोत्सृज भेदाज्ञानम्॥
अर्थ- शत्रु, मित्र, पुत्र, बन्धु-बांधवों से प्रेम और द्वेष मत करो, सबमें अपने आप को ही देखो, इस प्रकार सर्वत्र ही भेद रूपी अज्ञान को त्याग दो।

## खबर एक नजर...

### बीजेपी शिवाजी मंडल का उपाध्यक्ष गिरफ्तार,जेल भेजा

**इंदौर।** इंदौर के जोन-1 क्षेत्र में पुलिस ने भाजपा के शिवाजी मंडल के उपाध्यक्ष गोपाल सिंगार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस का आरोप है कि वह अवैध नशे के कारोबार में शामिल आरोपियों से संरक्षण राशि वसूलता था। मामले में गिरफ्तार महिला और अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की। डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के अनुसार, आजाद नगर क्षेत्र में पिछले दिनों गांजा और एमडी ड्रग्स के साथ पंगुबाई, दुगाबाई, सरदार सहित अन्य आरोपियों को अलग-अलग कार्रवाई में पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि वार्ड क्रमांक-54 स्थित भील कॉलोनी निवासी एवं भाजपा नेता गोपाल सिंगार कथित तौर पर नशा कारोबारियों से आर्थिक लाभ लेता था। पुलिस ने गोपाल सिंगार को हिरासत में लेकर आरोपियों से आमना-सामना कराया। पुलिस के मुताबिक पंगुबाई ने बयान दिया कि वह गोपाल सिंगार को हर माह 50 हजार रुपए देती थी। दुगाबाई और सरदार ने भी उसे पैसे देने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने गोपाल सिंगार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और 11 नंबर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

### टीही टनलः जून में भी पूरी होना मुश्किल, अक्टूबर तक ही धार जा पाएगी ट्रेन

**इंदौर।** इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में टीही के आगे बन रही टनल। टनल के एक हिस्से (टीही एंड, पी-1) पर 60 मीटर का काम बचा है। सारी मशीनरी और लेबर यहीं लगी हुई है। इसे रेलवे 15 दिन में पूरा कर लेगा। इसके बाद तीन किमी लंबी टनल की लाइनिंग का काम पूरा हो जाएगा। इसी टनल के बीच के हिस्से में कट एंड कवर था, उसे रेलवे ने पूरा कर लिया है, अब यहां लिफ्ट और सीढ़ियों का काम चल रहा है। टनल के सबसे आखिरी हिस्से (पीथमपुर एंड, पी-2) में काम पूरा कर ट्रैक बिछाने के लिए यह हिस्सा दे दिया गया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े लोगों ने कहा- टनल का कुल 261 मीटर का काम बचा था, इसमें से 201 मीटर काम कर लिया है। बचा काम 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं टनल का लाइनिंग काम 8 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य है। दो पारियों में 12-12 घंटे की शिफ्ट में 300 मजदूर काम कर रहे हैं।

### मोबाइल दुकान में घुसा चोर व्यापारी की सूचना के बाद गश्त कर रहे टीआई ने दबोचा

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात हो गई। दुकान मालिक को मोबाइल पर अलार्म अलर्ट मिला तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गश्त कर रहे थाना प्रभारी अनिल गुप्ता मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ ही देर में आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार मिशिका टॉवर स्थित भाटिया मोबाइल शॉप के संचालक अशोक भाटिया निवासी खातीवाला टैंक ने रात में सूचना दी थी कि उनकी दुकान में कोई घुस गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी पवन पटेल निवासी खंडवा को इलाके में घूमते हुए पकड़ लिया। आरोपी दुकान से दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट चुराकर ले गया था। पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग ज्वेलर्स को बातों में उलझाकर डेढ़ लाख के गहने लेकर भागा युवक

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान से सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। बदमाश दुकान संचालक को बातों में उलझाकर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की सोने की चेन और दो अंगूठियां लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक वैभव नगर निवासी 70 वर्षीय शिवशंकर विजयवर्गीय की चंद्रकला ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक युवक दुकान पर आया और सोने की चेन व दो अंगूठियां पसंद कीं। बिल करीब डेढ़ लाख रुपये बनने पर उसने पैसे नहीं होने की बात कहकर एटीएम से रकम निकालने की बात कही।

### प्रेम विवाह के दो साल बाद महिला ने दी जान, कमरे में फंदे पर मिला शव

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के स्मृति नगर में रहने वाली महिला ने सोमवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में मौजूद थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पुलिस दंपती विवाद के पहलू को भी खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान उर्वशी राजपूत (28) पत्नी सुधांशु राजपूत निवासी स्मृति नगर के रूप में हुई है। सोमवार रात उर्वशी अपने कमरे में गई और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और तुरंत इसकी जानकारी उसके पति को दी। जानकारी मिलने पर पति सुधांशु अपने दोस्त की कार से उर्वशी को लेकर पहले एक निजी अस्पताल पहुंचा। वहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### इंदौर में सुमन नगर जैन मंदिर के पास अवंतिका गैस पाइपलाइन में हुआ विस्फोट

# सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर समेत 4 झुलसे, बाइक से कूदकर भागे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में मंगलवार को सुमन नगर जैन मंदिर के पास अवंतिका गैस पाइपलाइन में विस्फोट हो गया। हादसे में विजय पटेल समेत कुल 4 लोग झुलस गए। घायलों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गिरी राजकुमारी झाला भी शामिल है। ब्लास्ट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि मौके पर 15-20 लोग मौजूद हैं। 3 बाइक सवार पास से गुजरते हैं। इनमें से तीनों आग की चपेट में आ जाते हैं। ब्लास्ट के दौरान बाइक से 2 लोग गिर जाते हैं, जबकि एक युवक ने चलती बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई।

धमाके के साथ ही आग की ऊंची लपटें उठने लगती हैं। इसी दौरान एक कार के पीछे चल रहा बाइक सवार घबराकर सड़क पर गिर जाता है। वहीं, पास में खड़े ट्रक को आग की चपेट में आने से बचाने के लिए एक युवक तेजी से उसकी ओर दौड़ता नजर आता है।



विजय नगर पुलिस के मुताबिक, जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां नगर निगम की ओर से वाटर हार्वेस्टिंग का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान अवंतिका गैस पाइपलाइन फट हो गई। पाइपलाइन फटने के बाद गैस लीक हो गया। कुछ समय बाद गैस ने आग पकड़ ली। धमाके के बाद आसपास के रहवासी अपने घरों से बाहर निकल आए। विस्फोट की आवाज काफी तेज थी, जिससे कुछ समय के लिए पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में झुलसे सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया।

- **5,000 से अधिक गैस कनेक्शन प्रभावित-** अवंतिका गैस कंपनी के इंजीनियर अनुराग शर्मा ने बताया- घटनास्थल पर बोरिंग का सामान मिला है। कंपनी से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। हादसे के कारण शीतल नगर, विजय नगर समेत आसपास के क्षेत्रों के 5,000 से अधिक गैस कनेक्शन प्रभावित हुए हैं। फिलहाल गैस लाइन की मरम्मत का काम जारी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल हमारी प्राथमिकता क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को सुधारना और गैस आपूर्ति बहाल करना है। इसके बाद पूरे मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसे दुरुस्त करने में करीब दो घंटे का समय लग सकता है।
- **बिना अनुमति के खुदाई की गई-** अनुराग शर्मा के अनुसार, क्षेत्र में हर 20 मीटर की दूरी पर अवंतिका गैस कंपनी की ओर से चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर स्पष्ट रूप से लिखा है कि यहां हाई-प्रेशर गैस पाइपलाइन गुजर रही है। इसके बावजूद बिना अनुमति के खुदाई और बोरिंग का कार्य किया गया, जिससे बड़ा खतरा बन गय

#### पास से गुजर रही युवती झुलसी, बाइक जलकर खाक

घायल युवती के भाई यशवीर सिंह झाला ने बताया कि उनकी बहन राजकुमारी झाला बाइक से वहां से गुजर रही थीं। इसी दौरान गैस पाइपलाइन में आग भड़क गई, जिसकी चपेट में आने से वह झुलस गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। हादसे में उनकी बाइक जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शी श्याम ने बताया, हम अपना काम कर रहे थे, तभी अचानक आग की तेज लपटें उठीं। उसी दौरान वहां से एक युवती गुजर रही थी। आग की चपेट में आने के बाद वह मेरी तरफ गिर पड़ीं। इस दौरान मेरा हाथ भी झुलस गया। लड़की को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।

---

# ईडी केस में विशाल अग्निहोत्री की जमानत मंजूर


## छापेमारी में 1.5 करोड़ नकद, दस्तावेज और डिजिटल उपकरण हुए थे जब्त

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

करोड़ों रुपए के डब्बा ट्रेडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री को स्पेशल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार की कोर्ट ने उनका जमानत आवेदन स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशाल अग्निहोत्री के खिलाफ करोड़ों रुपए के अवैध डब्बा कारोबार से जुड़े धन के लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया था। इसी मामले में एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद पूछताछ और जांच की कार्रवाई की गई थी।

**दुबई कनेक्शन भी जांच के दायरे में-** सूत्रों के अनुसार विशाल अग्निहोत्री पिछले कुछ समय से दुबई में सक्रिय थे। जांच एजेंसियों को दुबई में संपत्ति निवेश और शेल कंपनियों के संचालन से जुड़े कुछ इनपुट भी मिले थे। इसी आधार पर ईडी कथित रूप से सट्टे की कमाई को विदेश भेजने और धन शोधन के पहलुओं की जांच कर रही थी।



**राजनीतिक पहचान के चलते मामला रहा चर्चाओं में-** विशाल अग्निहोत्री मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी माने जाते हैं। वे इंदौर नगर निगम में पार्षद रह चुके हैं और शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व भी संभाल चुके हैं। उनकी पत्नी भी पार्षद रह चुकी हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण यह मामला लंबे समय तक चर्चा में बना रहा।

**जांच जारी रहेगी-** हालांकि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी मामले की जांच जारी रहेगी। ईडी मनी ट्रेल, वित्तीय लेन-देन, शेल कंपनियों और विदेशों में हुए निवेश की पड़ताल कर रही है। आने वाले समय में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

#### ईडी की कार्रवाई में मिले थे अहम सुराग

- मामले में ईडी ने विशाल अग्निहोत्री के इंदौर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान करीब 1.5 करोड़ रुपए की अघोषित नकदी मिलने की जानकारी सामने आई थी। इसके अलावा लैपटॉप, मोबाइल फोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए थे।
- ईडी की जांच में यह भी सामने आया था कि ऑनलाइन डब्बा ट्रेडिंग नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। जांच एजेंसी को कुछ शेल कंपनियों के दस्तावेज भी मिले थे, जिनके जरिए देश और विदेश से आने वाले धन के रोटेशन की आशंका जताई गई थी।

---

# फ्लेट और 10 लाख मांगे मीडियाकर्मी पर एफआईआर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

बाणगंगा पुलिस ने एक मीडियाकर्मी के खिलाफ अवैध वसूली के मामले मे एफआईआर की है। बताया जाता है कि मीडियाकर्मी ने खबर छापने के नाम पर बिल्डर को धमकाया ओर दस लाख ओर फ्लेट की डिमांड की थी।

टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक बिल्डर कवित्र गांधी ने सोमवार को एक लिखित आवेदन दिया था। जिसमे उन्होने अनवर हुसैन नाम के एक मीडियाकर्मी पर आरोप लगाए थे। शिकायत मे बताया था कि अनवर उन्हे कॉलोनी की खबरे छापने को लेकर धमकाता है इतना ही नही वह आए दिन उनसे रूपए की डिमांड भी करता है। अनवर ने कुछ समय पहले अंकाउट मे उनसे 20 हजार रूपए भी लिए थे।

कुछ दिन पहले अनवर ने उन्हे कॉलोनी की अनिमियतता ओर अन्य शासन के कार्यालय मे शिकायत करने के नाम पर धमकाया वही एक फ्लैट ओर 10 लाख रूपए की डिमांड की। मामले मे कवित्र गांधी ने कुछ डिजीटल सबूत भी पुलिस को सौपे। रात मे वरिष्ठ अफसरो से बात करते हुए पुलिस ने अनवर हुसैन के खिलाफ अवैध वसूली ओर धमकाने के मामले मे एफआईआर दर्ज कर ली है। अनवर पर पूर्व मे चंदन नगर थाने मे भी 5 के लगभग अपराध अवैध वसूली ओर मारपीट के दर्ज है।

वही छत्रीपुरा पुलिस ने शुभम शर्मा निवासी जय भवानी नगर की शिकायत पर शेलेन्द्र उर्फ पिंटू पुत्र संतोष शर्मा निवासी आदर्श इंदिरा नगर ओर उसके दो अज्ञात साथियो पर धमकाने के मामले मे एफआईआर की है। शुभम ने बताया कि शेलेन्द्र से उनका 35 लाख का लेनदेन है।

---

# नर्मदा तीसरे चरण में बिजली फॉल्ट से जलापूर्ति प्रभावित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

नर्मदा तृतीय चरण की मुख्य पंपिंग लाइन में मंगलवार दोपहर आए बिजली फॉल्ट के कारण शहर की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई। तकनीकी खराबी के चलते 1700 मिमी व्यास की मुख्य पंपिंग लाइन के सभी पंप दोपहर 1:11 बजे बंद हो गए थे, जिससे जल वितरण प्रणाली पर असर पड़ा।

जलकार्य विभाग के अनुसार बिजली फाल्ट का निराकरण कर आवश्यक सुधार कार्य पूरा किया गया और दोपहर 2 बजे बीएस-2 स्टेशन पर सभी पंप दोबारा चालू कर दिए गए। पंपों के पुनः प्रारंभ होने के समय लगभग 360 एमएलडी पानी का डिस्चार्ज प्राप्त हो रहा था।

**दबाव बनने में लगा समय, शाम से शुरू हुई टंकियों की भराई-** अधिकारियों ने बताया कि पंप शुरू होने के बाद पाइपलाइन नेटवर्क में आवश्यक दबाव स्थापित होने में समय लगा। दोपहर 3:25 बजे से पाइपलाइन में दबाव बनने की प्रक्रिया शुरू हुई और पर्याप्त दबाव बनने के बाद शाम 4:40 बजे से विभिन्न ओवरहेड टंकियों को भरने का कार्य प्रारंभ किया गया।

**समान जल वितरण के लिए 12 इंच कम भरी जाएंगी टंकियां-** जलापूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने और अधिकतम क्षेत्रों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सभी ओवरहेड टंकियों में सामान्य स्तर से लगभग 30 सेंटीमीटर (करीब 12 इंच) कम पानी भरने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रभावित क्षेत्रों में जल वितरण को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

**जल विभाग की अपील-** जल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि प्रभावित क्षेत्रों के रहवासी पानी का आवश्यकतानुसार और सावधानीपूर्वक उपयोग करें। जलापूर्ति व्यवस्था को जल्द पूरी तरह सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

---

# झगड़ा शांत करने गए दो पुलिसकर्मियों से मारपीट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

डायमंड कॉलोनी में बेशकीमती जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे कनाड़िया थाने के दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट की बात से इनकार किया है।

घटना के बाद पुलिस विभाग में नाराजगी दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिसकर्मियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर गुस्सा सामने आया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने घटना के कुछ वीडियो बनाए थे, जिन्हें उनके मोबाइल से डिलीट करवाने की बात भी सामने आई है।

**जमीन कब्जे को लेकर चल रहा विवाद-** मामला डायमंड कॉलोनी का है, जहां मोहसीन खान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को मोहसीन अपने साथ कुछ लोगों को लेकर जमीन से कब्जा हटवाने पहुंचा था। इस दौरान झोपड़ियां और शेड हटाए जाने लगे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया।

झगड़े की सूचना डायल-112 पर मिलने के बाद कनाड़िया थाने से सिपाही आशीष शर्मा और विजय सिकरवार मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष के कुछ युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

**टीआई भी पहुंचे मौके पर-** घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को देने के बाद कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जानकारी ली।

**दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई-** सूत्रों के अनुसार सोमवार और मंगलवार को भी पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन से कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी रही। बताया जा रहा है कि इस बेशकीमती जमीन विवाद में कई प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

---

### लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद इंदौर में भी कोचिंग सेंटर्स की जांच शुरू

# इंदौर में 18, शिवपुरी में 12 कोचिंग सेंटर सील, भोपाल में नहीं मिले वेंटिलेशन-इमरजेंसी एग्जिट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद इंदौर में भी कोचिंग सेंटर्स की जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने 23 संस्थानों को सील कर दिया। इनमें 18 कोचिंग-लाइब्रेरी जबकि 5 होटल, रेस्टोरेंट, ऑफिस हैं। शिवपुरी में भी 12 कोचिंग संस्थानों को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया है। इनमें फायर सेफ्टी के इंतजाम और फायर एनओसी नहीं मिली।

भोपाल में भी फायर ऑफिसर सौरभ कुमार पटेल के नेतृत्व में एक टीम कोचिंग संस्थानों की जांच करने पहुंची। टीम ने बेसमेंट, इमरजेंसी एग्जिट गेट और अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। कई सेंटर्स में वेंटिलेशन की कमी पाई गई। इमरजेंसी एग्जिट गेट भी मानकों के अनुरूप नहीं मिले। वहीं, ग्वालियर के 1050 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स में से केवल 4 संस्थानों के पास ही फायर सेफ्टी से जुड़ी वैध एनओसी और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मिले।

**बहुमंजिला इमारतों में बंद मिले इमरजेंसी एग्जिट-** निरीक्षण के दौरान कई बहुमंजिला इमारतों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए गए। आग या अन्य आपदा की स्थिति में ऐसे रास्तों का खुला और सुरक्षित होना अनिवार्य है। इमरजेंसी गेट बंद होने से लोगों की सुरक्षित निकासी प्रभावित हो सकती है, जिससे बड़ा खतरा है।



**कोचिंग सेंटर्स और लाइब्रेरियों की जांच-** एसडीएम घनश्याम धनगर के नेतृत्व में भंवरकुआं और गीता भवन क्षेत्र में ऑपरेशन कोचिंग सेंटर चलाया गया। धनगर के अनुसार, अब तक 10 भवन अस्थायी रूप से सील किए जा चुके हैं। जांच जारी रहेगी। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि जिन भवनों में कोचिंग संस्थानों के साथ अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं और वहां अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, उन पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कुछ रेस्टोरेंट, म्यूजियम और अन्य कार्यालय भी सील किए गए हैं।

**ऑपरेशन कोचिंग के तहत जारी रहेगा अभियान-** प्रशासन ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से शहर में ऑपरेशन कोचिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिलेगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीलिंग का उद्देश्य संस्थानों को स्थायी रूप से बंद करना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। भवन संचालकों को शपथपत्र देकर आश्वासन देना होगा कि वे 15 से 20 दिनों में आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरण और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर देंगे।

**दस्तावेज जमा करने के बाद खुलेगी सील इमारतें-** सील किए गए भवनों के संचालकों को फायर सेफ्टी उपकरणों की खरीद से जुड़े दस्तावेज और ऑर्डर की प्रतियां प्रशासन को प्रस्तुत करनी होंगी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने और सुरक्षा मानकों के पालन के बाद ही संबंधित भवनों और संस्थानों को दोबारा खोलने की अनुमति दी जाएगी।

**ग्वालियर में 40 संस्थान, 4 के पास ही फायर सेफ्टी-** अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार ने कहा कि ग्वालियर में 1050 से ज्यादा कोचिंग हैं, इनमें करीब 50 बड़े संस्थान हैं। केवल 4 संस्थानों के पास ही फायर सेफ्टी से जुड़ी वैध एनओसी और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मिले हैं। अधिकांश कोचिंग सेंटरों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर अलार्म, अग्निशमन यंत्र और निकासी मार्ग जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। नगर निगम के फायर विभाग का कहना है कि लखनऊ हादसे के बाद शहर के सभी कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था का दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा। जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन मिलेगा, उनके खिलाफ नोटिस, सीलिंग सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**शिवपुरी में 12 कोचिंग में फायर एनओसी नहीं थी-** शिवपुरी जिला प्रशासन ने मंगलवार को शहर के 12 कोचिंग संस्थानों को अस्थायी रूप से सील कर दिया। इनमें सुरक्षा इंतजाम और फायर एनओसी नहीं पाई गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा ने कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया।

#### इंदौर में वेदा बिजनेस पार्क से अपोलो आर्केड तक जांच

इंदौर में टीम ने कोचिंग सेंटर्स के साथ शहर के प्रमुख व्यावसायिक परिसरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वेदा बिजनेस पार्क, अपोलो एवेन्यू, अपोलो आर्केड और भंवरकुआं क्षेत्र के कई व्यावसायिक भवनों की फायर सेफ्टी व्यवस्था जांची गई। जांच के दौरान गीता भवन स्थित केटेलाइजर कोचिंग का इमरजेंसी एग्जिट बंद मिला। इसके साथ ही नुकलियम, रामानुजन, आयाम और इकरथ कोचिंग को सील कर दिया गया है। हालांकि, किसी भी मामले में ऋक्रनहीं की गई है।
निरीक्षण में पाया गया कि कई भवनों में फायर सिस्टम खराब थे। रूल्स मुताबिक उपलब्ध नहीं थे। कुछ जगहों पर फायर सेफ्टी सिस्टम का नियमित रखरखाव भी नहीं किया जा रहा था। प्रशासन ने भवन संचालकों को नोटिस जारी किए हैं।

#### भोपाल में वेंटिलेशन और इमरजेंसी गेट की प्रॉब्लम

- लखनऊ हादसे से सबक लेते हुए भोपाल में भी कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सतर्कता शुरू हो गई है। फायर ऑफिसर सौरभ कुमार पटेल के नेतृत्व में टीम ने शहर के कोचिंग संस्थानों में बेसमेंट, इमरजेंसी एग्जिट और अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। इस दौरान कई कोचिंग सेंटर्स में प्रॉपर वेंटिलेशन की कमी मिली। इमरजेंसी एग्जिट गेट भी मानकों के अनुरूप नहीं मिले।
- फायर अधिकारी पटेल ने बताया कि कोचिंग सेंटरों के बाहर लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स वेंटिलेशन को प्रभावित कर रहे हैं, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सुरक्षित निकासी में भी सुधार की जरूरत है।

# मप्र के मुहाने पर पहुंचा मानसून, बालाघाट, छिंदवाड़ा के रास्ते एंटर होने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र » भोपाल



मानसून अब मध्य प्रदेश के मुहाने पर पहुंच गया है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, अगले 2 से 3 दिनों के भीतर मानसून प्रदेश में दाखिल हो जाएगा। बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते मानसून प्रवेश करेगा। इससे पहले प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहेंगी। बुधवार को प्रदेश के 42 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने जिन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, उनमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं।

मौसम विभाग ने बुधवार को नरसिंहपुर में हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर, शिवपुरी, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन और आगर-मालवा में गर्मी का असर बना रहेगा। प्रदेश में सामान्य से 53% कम बारिश मानसून के देर से आने के कारण मध्य प्रदेश में जून का महीना सूखा बीत रहा है। 1 जून से अब तक औसतन 78.5 मिमी (3.1 इंच) बारिश होनी थी, लेकिन केवल 37.1 मिमी (1.4 इंच) बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 53% कम है। इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत 48 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। कम बारिश की वजह से सोयाबीन समेत खरीफ फसलों की बोवनी पिछड़ रही है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, बोवनी के लिए मिट्टी तब अनुकूल मानी जाती है, जब कम से कम 4 इंच बारिश हो चुकी हो। आंकड़े बताते हैं कि 4 इंच से अधिक बारिश वाले जिलों में केवल भोपाल शामिल है। यहां सामान्य से 63% अधिक, यानी 5 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है।

कम बारिश की क्या वजह? प्रदेश में मानसून के प्रवेश की सामान्य तिथि 15 जून है, लेकिन इसे 9 दिन बीत चुके हैं। फिलहाल अगले 2 से 3 दिनों में मानसून के आने का अनुमान जताया गया है। सामान्य तौर पर मानसून के जल्द आने पर तेज बारिश का दौर शुरू हो जाता है, जिससे वर्षा का आंकड़ा बढ़ जाता है। हालांकि, जून में अब तक केवल प्री-मानसून गतिविधियां ही जारी रही हैं।

## मेडिकल कॉलेज में 'हाई-रिस्क इंजेक्शन' से मरीज की मौत

ब्रह्मास्त्र » सागर

मध्य प्रदेश के सागर स्थित बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक मरीज की मौत हो गई। बायोप्सी की तैयारी के दौरान ईएनटी वार्ड में भर्ती मरीज को नर्स ने एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की निगरानी के बिना इंजेक्शन लग दिया। कुछ ही मिनटों बाद मरीज की हालत बिगड़ गई, हार्टबीट रुक गई और डॉक्टरों को करीब 45 मिनट तक सीपीआर देना पड़ा। करीब 11 दिनों तक वेंटिलेटर और आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 23 जून की सुबह मरीज की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने गोपालगंज थाने में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। वहीं, अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

परिजनों के अनुसार देवेंद्र पाठक को गले में गांठ की समस्या थी। उन्हें 10 जून को सागर स्थित बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग के वार्ड क्रमांक-26 में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने जांच के बाद बायोप्सी करने का निर्णय लिया और 13 जून को प्रक्रिया की तैयारी की जा रही थी। मरीज के बेटे शांतनु पाठक के अनुसार 12 जून को खून सहित अन्य आवश्यक जांचें पूरी कर ली गई थीं। इसी दौरान अस्पताल स्टाफ ने परिजनों से एट्राक्यूरियम बेसीलेट इंजेक्शन की तीन वायल मंगवाई थीं।

# 33 दिन डराकर रिटायर्ड लेडी ऑफिसर से ठगे डेढ़ करोड़

### मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया; 4 राज्यों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई रकम

ब्रह्मास्त्र » ग्वालियर




ग्वालियर में स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड लैब टेक्नीशियन महिला से साइबर बदमाशों ने एक करोड़ 57 लाख 90 हजार रुपए ठग लिए। बदमाशों ने 69 वर्षीय मीनाक्षी नाखरे को टेलीकॉम डिपार्टमेंट, दिल्ली का आईपीएस अधिकारी और सीबीआई अफसर बनकर फोन किया।

उन्होंने मीनाक्षी से कहा- आपके नाम से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से मनी लॉन्ड्रिंग और गैरकानूनी काम हो रहे हैं। इससे 6.80 करोड़ रुपए का अवैध ट्रांजेक्शन किया गया है। दो घंटे में आपको दिल्ली आना होगा नहीं तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिर केस से बचाने के नाम पर 33 दिन में 4 राज्यों के 10 से ज्यादा शहरों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर करवा ली। ट्रांजेक्शन फर्जी कंपनियों के बैंक खातों में आरटीजीएस के जरिए कराया गया।

महिला की शिकायत पर मंगलवार को पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मीनाक्षी पति रमेश नाखरे ग्वालियर के सरदार पाटनकर साहब का बाड़ा में रहती हैं। क्राइम ब्रांच में की गई शिकायत में मीनाक्षी ने बताया कि 10 मई 2026 को उनके पास नए नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली टेलीकॉम डिपार्टमेंट का अधिकारी अशोक गुप्ता बताया। उसने कहा- आपके नाम से एक और बैंक खाता चल रहा है, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग और गैरकानूनी काम हो रहे हैं। मीनाक्षी ने कहा कि यह मोबाइल नंबर मेरा नहीं है। इस पर अशोक बोला- ऐसा है तो आपको कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन दो घंटे में आपको दिल्ली आना होगा नहीं तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मीनाक्षी ने खुद को बार-बार निर्दोष बताया तो अशोक दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारी से उनकी बात कराने को तैयार हो गया।

अशोक ने मीनाक्षी के 35 वर्षीय बेटे अनुभव नाखरे के नंबर पर वीडियो कॉल किया। इसके बैकग्राउंड में दिल्ली पुलिस का लोगो और सरकारी दफ्तर जैसी सेटिंग थी। सामने दिल्ली पुलिस की यूनिफॉर्म पहने बैठे शख्स ने खुद को आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार गौतम बताया।

# टीही टनल, जून में भी पूरी होना मुश्किल, अक्टूबर तक ही धार जा पाएगी ट्रेन

ब्रह्मास्त्र » भोपाल



इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में टीही के आगे बन रही टनल। टनल के एक हिस्से (टीही एंड, पी-1) पर 60 मीटर का काम बचा है। सारी मशीनरी और लेबर यहीं लगी हुई है। इसे रेलवे 15 दिन में पूरा कर लेगा। इसके बाद तीन किमी लंबी टनल की लाइनिंग का काम पूरा हो जाएगा। इसी टनल के बीच के हिस्से में कट एंड कवर था, उसे रेलवे ने पूरा कर लिया है, अब यहां लिफ्ट और सीढ़ियों का काम चल रहा है। टनल के सबसे आखिरी हिस्से (पीथमपुर एंड, पी-2) में काम पूरा कर ट्रैक बिछाने के लिए यह हिस्सा दे दिया गया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े लोगों ने कहा- टनल का कुल 261 मीटर का काम बचा था, इसमें से 201 मीटर काम कर लिया है। बचा काम 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं टनल का लाइनिंग काम 8 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य है। दो पारियों में 12-12 घंटे की शिफ्ट में 300 मजदूर काम कर रहे हैं।

हर दिन की टाइमलाइन बनाकर काम कर रहे हैं। टीही एंड पर जिस हिस्से में टनल का काम चल रहा है, उससे 1208 मीटर आगे तक रेलवे ने ट्रैक बिछा लिया है। यहां बैलास्ट लैस ट्रैक बिछाया जा रहा है, जो आम ट्रैक से अलग और खास होता है। करीब 1800 मीटर से ज्यादा हिस्से में ट्रैक बिछाने का काम बचा है। रेलवे का कहना है कि हर दिन 50 से ज्यादा मीटर हिस्से में ट्रैक का फाउंडेशन तैयार किया जा रहा है। टनल के अंदर केबल-ट्रे, सीसीटीवी, ओएचई ब्रेकेट लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है।

फरवरी 2026 तक काम पूरा होना था रेलवे ने पहले टनल का काम पूरा करने का लक्ष्य फरवरी-2026 रखा था। अब संभावना है कि सितंबर-अक्टूबर तक धार तक ट्रेन चलाई जा सकती है। हालांकि रेलवे का कहना है कि टनल का काम काफी चुनौतीपूर्ण है, इसलिए समय लग रहा है। दो-तीन महीने का समय और लग सकता है। बारिश के कारण फिर काम की गति धीमी हो सकती है।

टनल की वजह से ही अटका है काम रेलवे एक्सपर्ट नागेश नामजोशी ने कहा- 2017-18 से टनल का काम चल रहा है। कोरोना के बाद कॉन्ट्रैक्ट भी शॉर्ट टर्मिनेट हुए। फिर नए सिरे से कॉन्ट्रैक्ट होकर काम शुरू हुआ। टनल की वजह से काफी समय लग गया। रेलवे को चाहिए कि अब तेजी से काम कर जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा- 2007-08 में इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट तैयार हुआ और इसका शिलान्यास हुआ तब मूल प्रोजेक्ट में टीही के आगे टनल नहीं थी।



## भोपाल में खुदी सड़कें, जलभराव का खतरा, मेट्रो-10 लेन की वजह से दिक्कतें

ब्रह्मास्त्र » भोपाल

मानसून दस्तक देने को है, लेकिन एमपी के शहरों की तैयारियां अब भी अधूरी हैं। भोपाल में मेट्रो, फ्लाईओवर, एलिवेटेड कॉरिडोर और चौड़ीकरण की वजह से सड़कें खुदी पड़ी हैं, तो दूसरी तरफ हर साल जलभराव से जूझने वाले इलाके के लोग फिर चिंता में है। साल बदले, लेकिन इलाकों के हालात नहीं।

यही हाल इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर के भी है। मेट्रो की वजह से इंदौर में सड़कें खुदी हुई हैं। उज्जैन में सिंहस्थ के काम चल रहे हैं। चाहे इंदौर रोड हो या, मक्सी, आगर-मालवा, बड़नगर रोड। बीच शहर में भी काम चल रहे हैं। बारिश में काम की रफ्तार धीमी होगी, पर मुसीबतें बढ़ जाएगी। ये निर्माण कार्य मानसून में हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। चार महीने पहले इंदौर में एक बाइक सवार की ऐसे ही एक गड्?ढे में गिरकर मौत हो चुकी है।

भोपाल में ऑरेंज लाइन के दूसरे रूट- सुभाषनगर से करोंद के बीच 10 किमी में काम चल रहा है। भोपाल स्टेशन के बाहर अंडरग्राउंड तो सिंधी कॉलोनी, करोंद, आरिफ नगर समेत पुराने शहर से पिलर खड़े हैं। इससे सड़क की चौड़ाई आधी हो गई है। विधायक आतिफ अकील ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। फिर भी सुधार नहीं हुआ है। इससे बारिश में दिक्कतें बढ़ जाएंगी। यही हाल मेट्रो की ब्लू लाइन- भदभदा से रत्नागिरी तक के है। न्यू मार्केट से भदभदा तक सड़क छोटी हो गई है। वहीं, रायसेन रोड पर भी ऐसे ही हाल है। हर रोज शाम को जाम लगता है। इससे करोंद, मालीखेड़ी, विदिशा रोड, अयोध्या बायपास समेत कई इलाकों में जाने वाले लोग घंटों तक फंसते हैं।

## 31 फीट ऊंची भगवान बाहुबली की प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक आज

ब्रह्मास्त्र » भोपाल



7 साल पहले टोल नाके के पास हाईवे किनारे स्थापित की गई भगवान बाहुबली की 31 फीट ऊंची प्रतिमा का पहली बार महामस्तकाभिषेक बुधवार यानि 24 जून को होगा। इस मौके पर मुनिश्री सुधासागरजी महाराज मौजूद रहेंगे। इससे पहले मंगलवार को मुनिश्री ने सूर्यमंत्र देकर इस प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया। 2015 में जब मुनिश्री का गुना में चातुर्मास हुआ था, तब उन्होंने इस प्रतिमा को स्थापित करने की इच्छा जताई थी। इसके बाद ही टोल नाके के पास सर्वोदय ज्ञानतीर्थ प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई।

इसमें एक मंदिर के साथ स्कूल और गोशाला भी बनाई गई है। अपनी स्थापना के समय एक पत्थर से निर्मित उत्तर भारत की यह सबसे बड़ी जैन तीर्थंकर प्रतिमा थी। मप्र में दूसरी सबसे ऊंची प्रतिमाः यह प्रतिमा मप्र की दूसरी सबसे ऊंची जैन प्रतिमा है। इससे ऊंची प्रतिमा इंदौर के पास बड़वानी के बावनगजा में 84 फीट की बनी है लेकिन यह पहाड़ में ही उत्कीर्ण की गई है। इसलिए दूसरे नजरिए से देखा जाए तो यह एक ही पत्थर से बनी जैन तीर्थंकर की सबसे बड़ी प्रतिमा है। कर्नाटक ऐसी 5 प्रतिमाएं हैं। जिनमें सबसे ऊंची 57 फीट की श्रवण बेल गोला में है।

# कांग्रेस-भाजपा में वार-पलटवार, हेमंत ने कहा - सीएम की संपत्ति जितनी चुनाव के वक्त, उतनी अब

ब्रह्मास्त्र » भोपाल



मुख्यमंत्री मोहन यादव पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह केवल भ्रम फैलाने और राजनीतिक षड्यंत्र करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2023 में नामांकन दाखिल करते समय 17 एकड़ भूमि घोषित की थी और उसमें अब तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

उनकी पत्नी सीमा यादव के नाम दर्ज 129 एकड़ भूमि में भी कोई बदलाव नहीं आया है। खंडेलवाल ने बताया कि जिस सिद्धि विनायक कंपनी का उल्लेख किया जा रहा है, उसके पास 2023 में 68 एकड़ भूमि थी, जो जून 2026 में घटकर 65 एकड़ रह गई है।

मुख्यमंत्री 2017 में ही कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे चुके हैं। पुत्र वैभव यादव के नाम दर्ज 16 एकड़ भूमि में भी मुख्यमंत्री बनने के बाद कोई बदलाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पुत्रवधू शालिनी यादव ने 10 एकड़ कृषि भूमि खरीदी है, जो मास्टर प्लान क्षेत्र से बाहर है।

रिश्तेदारों से जुड़े आरोपों को भी उन्होंने निराधार बताया। कहा कि कांग्रेस विकास कार्यों का मुकाबला नहीं कर पा रही है, इसलिए छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश की जनता ऐसे राजनीतिक आरोपों को स्वीकार नहीं करेगी। झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगाना कांग्रेस की आदत है।कांग्रेस ने कहा - जहां जमीनें खरीदीं, वहीं पर ले आए सरकारी प्रोजेक्ट

प्रदेश कांग्रेस ने उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हुई भूमि खरीद-फरोख्त को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से जवाब मांगा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच जिन क्षेत्रों में जमीनें खरीदी गईं, बाद में वहीं सड़क, बायपास, कॉरिडोर और अन्य विकास परियोजनाओं की घोषणाएं हुईं। पार्टी ने पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सार्वजनिक दस्तावेजों और मीडिया रिपोर्टों के आधार पर मुख्यमंत्री के परिवार तथा उनसे जुड़ी कंपनियों के नाम पर उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में भूमि दर्ज होने के दावे सामने आए हैं।

कांग्रेस का आरोप है कि परिवार और रिश्तेदारों के नाम पर करीब 245 प्लॉटों में 335 एकड़ भूमि दर्ज है, जबकि 2021 से 2025 के बीच 253 एकड़ जमीन खरीदी गई। पटवारी ने उज्जैन-बदनावर, उज्जैन-इंदौर, उज्जैन-मक्सी, उज्जैन-नागदा और उज्जैन-देवास मार्ग सहित अन्य विकास परियोजनाओं के आसपास हुई खरीद पर सवाल उठाए। कहा कि सभी जानकारियां सार्वजनिक हों और पूरे मामले की जांच हो।

## खबर एक नजर...

### ग्वालियर में संदिग्ध हालात में जिंदा जला युवक, कमरे से उठीं आग की लपटें

ब्रह्मास्त्र » ग्वालियर

ग्वालियर शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नदीपार टाल इलाके में मंगलवार रात एक हादसा हो गया। यहां रहने वाला एक 43 वर्षीय युवक अपने ही कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग जिंदा जल गया। घटना के समय युवक कमरे में अकेला था और भारी नशे में था। हालांकि, स्थानीय लोगों में कमरे के भीतर रखा छोटा एलपीजी सिलेंडर फटने की चर्चा थी, जिसे थाटीपुर थाना पुलिस ने सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस का अनुमान है कि नशे की हालत में बीड़ी या सिगरेट सुलगाते समय यह हादसा हुआ है। नशा ज्यादा होने के कारण वह बच नहीं सका है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाटीपुर थाना पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, नदीपार टाल निवासी 43 वर्षीय विजय शाक्य पुत्र रामचरण शाक्य मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता था। विजय अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था।

### प्रिंसिपल ने महिला टीचर के प्राइवेट पार्ट्स पर मुक्के मारे

**ग्वालियर.** ग्वालियर स्थित शासकीय कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य आदर्श पंडित पर महिला टीचर को पीटने के आरोप लगे हैं। एमएड प्रशिक्षण ले रही शिक्षिका का आरोप है कि कॉलेज परिसर में प्राचार्य ने पीटा। मुंह, सीने और प्राइवेट पार्ट्स पर मुक्के मारे। बाल खींचे और कपड़े फाड़ने की कोशिश की। वारदात के दौरान शिक्षिका घायल होकर जमीन पर गिर गईं। वह दर्द से तड़पती रहीं।हमले से मुंह से खून निकल रहा था। डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। घटना के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शिक्षिका रोती हुई और घायल नजर आ रही हैं। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। मंगलवार शाम शिक्षिका अपने पति के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं। लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि थाने में केवल मारपीट का मामला दर्ज किया गया, जबकि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्वालियर रढ ने फाइल हजीरा थाना प्रभारी को भेज दी है।

### नरसिंहपुर में 60 लाख की अवैध रेत पकड़ी, बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त



**नरसिंहपुर.** नरसिंहपुर जिले में मंगलवार शाम को गोटेगांव तहसील के खैरी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से जमा करके रखी गई लगभग 7000 घनमीटर रेत जब्त की गई। खनिज विभाग ने इसकी जानकारी मंगलवार रात 10 बजे दी। जानकारी के अनुसार, इस जब्त रेत की सरकारी कीमत करीब 9 लाख रुपए है, जबकि बाजार और ठेका दरों के मुताबिक इसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपए आंकी जा रही है। टीम ने ग्राम सांकल में भी कार्रवाई की। वहां अवैध रूप से रेत ले जाते हुए एक बिना नंबर का ट्रैक्टर पकड़ा गया। टीम ने इस वाहन को तुरंत जब्त कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए ठेमी थाने की कस्टडी में खड़ा करवा दिया है। प्रशासन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनन, रेत के भंडारण और परिवहन के खिलाफ यह मुहिम आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। नियमों को ताक पर रखकर काम करने वाले माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आज गाय है, कल आप..! बेजुबानों से हरियाली की कीमत पूछें, अभी मौका है पेड़ लगाएं



**ग्वालियर।** भीषण गर्मी के दिनों में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है। मानसून भी लेट है। गर्मी के तीखे तेवर और उमस दोनों अपने चरम पर पहुंच जाते हैं। दिन चढ़ने के साथ ही गायों का झुंड जनकताल स्थित इन पेड़ों के नीचे पहुंचने लगता है। सीमित छांव के कारण यहां रोजाना जगह बनाने की होड़ के चलते गायों के बीच संघर्ष होता है।

तो बढ़ेगी तपिश... विशेषज्ञों के अनुसार घने पेड़ों की छांव वाले क्षेत्रों का तापमान खुले स्थानों की तुलना में 3 से 5 डिग्री तक कम रहता है। हरियाली केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि प्राकृतिक शीतलता का स्रोत है।

मानसून पर असर... जिन क्षेत्रों में जहां ज्यादा हरियाली होती है वहां मानसून में अच्छी बारिश भी होती है। पेड़ सिर्फ मानसून पर असर नहीं डालते, बल्कि बारिश के जल को संजोने का माध्यम भी है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी ईरान को धमकी

# फिर बरसे ट्रंप- संकट में शांति समझौता, परमाणु निरीक्षण से किया इनकार तो रद्द कर दूंगा बैठकें




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान समझौते के तहत तीन महीने से ज्यादा समय बाद आई शांति पर फिर संकट के बादल गहराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर ईरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को अपने परमाणु कार्यक्रम का निरीक्षण करने की अनुमति नहीं देता है, तो वह तेहरान के साथ चल रही तकनीकी वाताओं से जुड़ी बैठकों को रद्द कर देंगे।

पेंसिल्वेनिया के लीहाई काउंटी स्थित मैक ट्रक्स संयंत्र के दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने ईरान के निरीक्षण संबंधी रुख को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज किया। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के निरीक्षकों की तैनाती से जुड़े सवाल पर ट्रंप ने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप में पहले ही इसके लिए सहमत हो चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वे गलत हैं। उन्हें पता है कि वे गलत हैं। उन्होंने हमें अंदरूनी तौर पर यह बताया है और हमारे पास निरीक्षण को लेकर 100 प्रतिशत आश्वासन है। अगर वे सही होते, तो मैं अभी इसी समय बैठकें रद्द कर देता।₹ निरीक्षण कब शुरू होगा, इस सवाल पर ट्रंप ने कहा, उचित समय पर। कोई जल्दबाजी नहीं है, लेकिन उचित समय आने पर निरीक्षक वहां मौजूद होंगे। गौरतलब है कि ईरान की ओर से अभी तक परमाणु कार्यक्रम के निरीक्षण को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईरान के साथ बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है और तेहरान की स्थिति पहले की तुलना में काफी कमजोर हुई है।

## होर्मुज को लेकर किया बड़ा दावा



ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े घटनाक्रम का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि दोनों पक्षों के बीच स्विट्जरलैंड में हुई शुरूआती तकनीकी वाताओं के बाद तेल परिवहन में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ये वाताएं क्षेत्र में शत्रुता समाप्त करने के लिए तैयार किए गए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हुई थीं।

उन्होंने कहा, जैसा कि आपने कल सुना होगा, 1.9 करोड़ बैरल तेल निकला और यह होर्मुज जलडमरूमध्य के इतिहास में सबसे बड़ा आंकड़ा है।₹ ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अपने प्रशासन के रुख को दोहराते हुए ट्रंप ने कहा, ₹सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होगा।

## ईरान की सैन्य ताकत हो चुकी खत्म :अमेरिकी राष्ट्रपति

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान सामरिक रूप से कमजोर स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा, ₹हमने ईरान को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है, जैसी किसी ने पहले कभी नहीं की। यह काम पिछले 47 वर्षों में दूसरे राष्ट्रपतियों को करना चाहिए था। ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है। उसका नेतृत्व कमजोर हो चुका है और उसकी रडार प्रणाली भी नष्ट हो चुकी है।

# जर्मनी में रेल सेवाएं ठप, संचार प्रणाली में आई खराबी; स्टेशनों पर फंसे हजारों यात्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्लिन

संचार प्रणाली में आई तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार देर रात जर्मनी की रेल सेवाएं ठप हो गईं। इसके चलते देशभर में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनें रुक जाने से कई यात्री विभिन्न स्टेशनों पर फंस गए। अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे यात्रियों की स्टेशन सूचना केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, जहां वे आगे की यात्रा के बारे में जानकारी लेने पहुंचे थे।



जर्मनी की प्रमुख राष्ट्रीय रेल कंपनी डॉयचे बान ने बताया कि जीएसएम-आर डिजिटल संचार प्रणाली में देशव्यापी समस्या आने के कारण सभी ट्रेनों को स्टेशनों पर रोक दिया गया। यह प्रणाली रेलवे नेटवर्क के भीतर आंतरिक संचार के लिए इस्तेमाल की जाती है।

डॉयचे बान ने आधी रात जारी बयान में कहा कि समस्या की वजह का पता लगा लिया गया है, लेकिन यह नहीं बताया कि खराबी किस कारण हुई। कंपनी ने कहा, ₹तकनीशियन समाधान निकालने के लिए गहनता से काम कर रहे हैं।₹ कंपनी ने कहा कि प्रभावित यात्रियों को टैक्सी और होटल वाउचर उपलब्ध कराए जाएंगे। जहां संभव होगा, वहां स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों को यात्रियों के बैठने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी ने स्थिति के लिए खेद भी जताया।

खराबी की सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद नेटवर्क के कुछ हिस्सों में ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू हो गईं। बर्लिन के कम्यूटर रेल नेटवर्क ने कहा कि ट्रेनें चल रही हैं, लेकिन यात्रियों को अभी भी देरी और रद्द होने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए। पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय रेल सेवाएं संचालित करने वाली डीबी रेजियो मिट्टे ने भी बताया कि सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। हालांकि बुधवार सुबह कम से कम छह बजे तक देरी और रद्दीकरण की स्थिति बनी रह सकती है।




### ट्रेनों में देरी और सेवा बाधित होने की बढ़ी शिकायतें

ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस-रेलवे रेलवे संचालन के लिए जरूरी वॉयस और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराता है। इसके जरिए ट्रेन चालकों और नियंत्रण केंद्रों के बीच संचार स्थापित किया जाता है। यूरोपीय संघ रेलवे एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2000 से पूरे यूरोप में इसे रेलवे संचालन के साझा मानक के रूप में लागू किया गया है। हाल के वर्षों में जर्मनी में ट्रेनों की देरी और सेवा बाधित होने की शिकायतें लगातार बढ़ी हैं। सरकारी स्वामित्व वाली डॉयचे बान वर्षों तक निवेश की कमी रहने के बाद अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख रेल मार्गों पर व्यापक लेकिन व्यवधान पैदा करने वाले आधुनिकीकरण कार्य कर रही है। जर्मनी की रेल सेवाएं अतीत में भी कुछ मौकों पर पूरी या बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं, लेकिन उन मामलों में वजह तकनीकी समस्या नहीं बल्कि तूफान रहे थे।

## सूफी संत की दरगाह पर मची भगदड़, 80 श्रद्धालु घायल, दो की हालत नाजुक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां पाकपट्टन शहर में स्थित एक प्रसिद्ध सूफी संत की दरगाह पर 'जन्नत के दरवाजे' (बहिश्ती दरवाजा) से गुजरने की होड़ में अचानक भगदड़ मच गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 80 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को इस घटना की आधिकारिक पुष्टि की।

### 'जन्नत के दरवाजे' के पास मची अफरा-तफरी

यह हादसा लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर पाकपट्टन शहर में हजरत बाबा फरीद गंज शकर के 784वें उर्स (पुण्यतिथि) के दौरान रविवार को हुआ। चश्मदीदों और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एक सरकारी काफिले को निकालने के लिए जब दरगाह का मुख्य गेट खोला गया, तभी हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु 'बहिश्ती दरवाजा' की तरफ तेजी से दौड़ पड़े। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया, लेकिन वे स्थिति को काबू नहीं कर पाए।

### राहत कार्य में भारी मशक्कत

हादसे की जानकारी मिलते ही पंजाब आपातकालीन सेवा मौके पर पहुंची। हालांकि, भारी भीड़ और जाम के कारण एम्बुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं, जिसके चलते बचावकर्मियों को घायल लोगों को इमरजेंसी मोटरसाइकिलों के जरिए अस्पताल पहुंचाना पड़ा। अत्यधिक गर्मी, दम घुटने और ओवरक्राउडिंग की वजह से करीब दो दर्जन श्रद्धालु मौके पर ही बेहोश हो गए।

# क्यूबा पर अमेरिका का नया आर्थिक प्रहार

### ट्रंप प्रशासन ने इन कंपनियों पर लगाए प्रतिबंध, संकट और गहराने की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

क्यूबा पहले से ही आर्थिक बदहाली, बिजली संकट और खाद्य कमी से जूझ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका ने क्यूबा की अर्थव्यवस्था पर एक और बड़ा प्रहार किया है। ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा की पांच प्रमुख सरकारी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि इन प्रतिबंधों से विदेशी निवेशकों में डर बढ़ेगा और क्यूबा का आर्थिक संकट और गहरा सकता है।

### किन कंपनियों पर लगाया गया है प्रतिबंध?

अमेरिका ने जिन पांच संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं, उनमें अल्मासेनेस यूनिवसार्लेस एसए, राफिन एसए, बैंको फाइनेंसिएरो इंटरनेशनल एसए, जियोमिनेरा एसए और एम्प्रेसा सिडेरुर्गिका जोस मार्टी शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो की बहू अन्नाली लिलियम रुएडा काडेरो पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका ने साफ किया है कि इन संस्थाओं के साथ कारोबार करने वाली विदेशी कंपनियों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रतिबंधों का सबसे ज्यादा असर क्यूबा की आयात-निर्यात प्रणाली पर पड़ सकता है। अल्मासेनेस यूनिवसार्लेस एसए क्यूबा की प्रमुख लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस कंपनी है, जो सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए सामान के भंडारण का काम करती है। यदि विदेशी कंपनियां इन संस्थाओं से दूरी बनाती हैं, तो क्यूबा में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

### क्यूबा सरकार ने अमेरिका के आरोपों पर क्या कहा?

क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने अमेरिकी प्रतिबंधों को खारिज करते हुए मार्को रुबियो पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्यूबा ने हमेशा बाहरी दबावों का सामना किया है और आगे भी करता रहेगा। क्यूबा सरकार का आरोप है कि अमेरिका सामूहिक दंड की नीति अपनाकर देश की जनता को परेशान कर रहा है। क्यूबा ने इन प्रतिबंधों को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है।

### क्या आर्थिक सुधारों के बीच आया यह फैसला?

यह फैसला ऐसे समय आया है जब क्यूबा सरकार ने हाल ही में कई बड़े आर्थिक सुधारों की घोषणा की है। सरकार ने निजी क्षेत्र को कुछ वस्तुओं के आयात की अनुमति देने जैसे कदम उठाए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये सुधार पिछले 60 वर्षों में क्यूबा की अर्थव्यवस्था को उदार बनाने की दिशा में सबसे बड़े कदम हो सकते हैं। हालांकि अमेरिका की ओर से लगाए गए नए प्रतिबंध इन सुधारों की राह को मुश्किल बना सकते हैं। ट्रंप प्रशासन लगातार क्यूबा की राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में बदलाव की मांग करता रहा है। अमेरिका का आरोप है कि क्यूबा उसके विरोधी देशों के साथ करीबी संबंध रखता है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा है। वहीं क्यूबा इन आरोपों को खारिज करता रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब नए प्रतिबंधों के बाद और बढ़ता नजर आ रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि जिन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें क्यूबा की सैन्य इकाई द्वारा संचालित कारोबारी समूह जीएईएसए से जुड़ी तीन कंपनियां भी शामिल हैं। जीएईएसए को क्यूबा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है और माना जाता है कि देश की करीब 40 प्रतिशत जीडीपी पर इसका नियंत्रण है। अमेरिका का आरोप है कि क्यूबा की सरकार इन संसाधनों का इस्तेमाल जनता के कल्याण के बजाय अपने नियंत्रण को मजबूत करने और दमन के लिए कर रही है।

# जंतर-मंतर पर डटे सीजेपी समर्थक, बैरिकेडिंग को लेकर पुलिस से विवाद




**कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन जंतर मंतर पर मंगलवार को चौथे दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस दौरान सीजेपी ने आरोप लगाया कि सोमवार रात प्रदर्शन स्थल पर बैरिकेडिंग की गई। प्रदर्शन स्थल को छोटा करने और उसे दो हिस्सों में बांटने की कोशिश की गई।**

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी और गाने गाकर पुलिस की बैरीकेडिंग का विरोध जताया। वहीं पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को किसान संगठन अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने वाले हैं। किसी भी प्रदर्शन से पहले सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाते हैं।

### एसएससी-यूपीएससी अभ्यर्थियों से मांगा समर्थन

सीजेपी ने एसएससी और यूपीएससी अभ्यर्थियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने बताया कि छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए अधिक लोगों का साथ जरूरी है। उन्होंने कहा की बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आएं और अपनी बात सीजेपी के मंच पर रखें। उनके अनुसार, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देंगे, प्रदर्शनकारी जंतर मंतर से नहीं हटेंगे।

### सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके का पुलिस पर आरोप

वहीं, धरने के तीसरे दिन प्रदर्शन स्थल पर आने वाले लोगों की पहचान संबंधी जांच को लेकर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति देखने को मिली। दीपके ने आरोप लगाया कि धरना स्थल पर आने वाले लोगों से आधार कार्ड और पैन कार्ड मांगे जा रहे हैं, जबकि वे केवल प्रदर्शन में शामिल होने, भोजन या पानी पहुंचाने जैसे कार्यों के लिए वहां पहुंच रहे हैं।

दीपके ने कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मामला है और लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी क्यों एकत्र की जा रही है। उनके अनुसार, आधार कार्ड के माध्यम से किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच संभव है, इसलिए यह निजता से जुड़ा संवेदनशील विषय है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

### प्रदर्शनकारी बोले- सरकार जब तक मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती आंदोलन जारी रहेगा

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के चढूनी गुट ने आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है। संगठन ने छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन में शामिल होने और अपनी मांगें भी रखने का निर्णय लिया है। इससे पहले अभिजीत दीपके ने देशभर के किसानों और मजदूरों से जंतर-मंतर पहुंचकर छात्रों के आंदोलन का समर्थन करने की अपील की थी। किसानों के समर्थन का स्वागत करते हुए दीपके ने कहा कि छात्र और किसान दोनों ही देश के भविष्य और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण वर्ग हैं। उन्होंने आंदोलन के साथ खड़े होने के लिए बीकेयू (चढूनी) का आभार जताया। प्रदर्शनकारियों ने भी किसानों के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती, आंदोलन जारी रहेगा।

### स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी

धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों के लिए चाय, समोसे और पानी की व्यवस्था की गई है। कई स्वयंसेवक सुबह से देर रात तक व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता आंदोलन की रीढ़ हैं, जो बिना किसी प्रचार-प्रसार के सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं। वहीं, अभिजीत दीपके ने कहा कि किसी भी जन आंदोलन की वास्तविक ताकत वे लोग होते हैं जो पर्दे के पीछे रहकर व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखते हैं।

# ट्रंप की सैन्य नीति को झटका?: 'कांग्रेस की मंजूरी के बिना ईरान में सैन्य कार्रवाई नहीं', सीनेट का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी सीनेट ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई समाप्त करने की मांग की गई है। इसे तेहरान के साथ दीर्घकालिक समझौते की दिशा में जारी प्रयासों के बीच व्हाइट हाउस के खिलाफ कांग्रेस की ताजा प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

सीनेट में यह प्रस्ताव 50-48 मतों से पारित हुआ। प्रस्ताव में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है कि अगर कांग्रेस विशेष रूप से सैन्य बल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देती है, तो वह ईरान से जुड़े सैन्य संघर्षों से अमेरिकी बलों को वापस बुलाएं। हालांकि, इस प्रस्ताव का प्रभाव मुख्य रूप से प्रतीकात्मक माना जा रहा है। 1973 के वॉर पावर्स एक्ट के तहत पारित यह एक समवर्ती प्रस्ताव (कॉनकरेंट रेजोल्यूशन) है, जिसके लिए राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होती और न ही इसे कानून का दर्जा प्राप्त है। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह प्रस्ताव असंवैधानिक है और इसलिए कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। इस महीने की शुरूआत में यह प्रस्ताव प्रतिनिधि सभा से भी पारित हो चुका था। इसे ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका की सैन्य भूमिका को लेकर दोनों दलों के बीच बढ़ती चिंता का संकेत माना जा रहा है।

प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सांसदों का तर्क है कि किसी भी लंबे सैन्य अभियान के लिए कांग्रेस की स्पष्ट मंजूरी आवश्यक होनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति के युद्ध संबंधी अधिकारों की सीमा और क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष के और बढ़ने की आशंका को लेकर चिंता जताई। हालांकि, कांग्रेस के दोनों सदनों से मंजूरी मिलने के बावजूद इस प्रस्ताव से ट्रंप प्रशासन की तत्काल सैन्य रणनीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं मानी जा रही है।

### पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के प्रयास जारी

यह मतदान ऐसे समय हुआ है जब ट्रंप प्रशासन ईरान के साथ व्यापक शांति समझौते की दिशा में कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है। हालांकि, वार्ता के बारे में अब तक बहुत कम जानकारी सार्वजनिक की गई है। व्हाइट हाउस लगातार यह कहता रहा है कि ऐसी परिस्थितियों में राष्ट्रपति के पास अतिरिक्त संसदीय मंजूरी के बिना भी अमेरिकी सैन्य अभियानों का नेतृत्व करने का संवैधानिक अधिकार है। वहीं, प्रस्ताव के समर्थकों का कहना है कि ऐसे किसी भी फैसले में कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका होनी चाहिए, जो अमेरिका को लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में उलझा सकता है।

### मुंबई के अंधेरी में भारी बारिश के कारण अंडरपास बंद

मुंबई में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण अंधेरी क्षेत्र स्थित एक अंडरपास में गंभीर जलभराव हो गया, जिसके बाद उसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारी ऋतिक ने बताया कि जलभराव की समस्या काफी गंभीर है और फिलहाल इसका कोई अस्थायी समाधान नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा, ₹हम इस गंभीर जलभराव का कोई अस्थायी समाधान नहीं खोज पाए हैं। हमारे अधिकारी यहां लगातार तैनात रहते हैं ताकि कोई वाहन अंडरपास से गुजरने की कोशिश न करे।₹ ऋतिक ने बताया कि चेतावनी के बावजूद कुछ ऑटो चालक अंडरपास पार करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, ₹कुछ रिक्शा चालक फिर भी अपने वाहन निकालने की कोशिश करते हैं। एक रिक्शा अंडरपास के बीच में फंस गया था। चालक की जान खतरे में पड़ गई थी। हमारे दो अधिकारियों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला।₹

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 24 जून, 2026

## सुभाषितानि

गेयं गीता नाम सहस्रं, ध्येयं श्रीपति रूपमजस्रम्।
नेयं सज्जन सङ्गे चित्तं, देयं दीनजनाय च वित्तम्॥

**भावार्थ :** भगवान विष्णु के सहस्त्र नामों को गाते हुए उनके सुन्दर रूप का अनवरत ध्यान करो, सज्जनों के संग में अपने मन को लगाओ और गरीबों की अपने धन से सेवा करो।

कामं क्रोधं लोभं मोहं, त्यक्त्वाऽत्मानं भावय कोऽहम्।
आत्मज्ञान विहीना मूढाः, ते पच्यन्ते नरकनिगूढाः॥

**भावार्थ :** काम, क्रोध, लोभ, मोह को छोड़ कर, स्वयं में स्थित होकर विचार करो कि मैं कौन हूँ, जो आत्म- ज्ञान से रहित मोहित व्यक्ति हैं वो बार-बार छिपे हुए इस संसार रूपी नरक में पड़ते हैं।

## सम्पादकीयम्

### एआई-जनितसामग्रीणां नियमाः कठिनाः

केन्द्रसर्वकारेण एआई-जनितसामग्रीणां नियमाः कठिनाः सूचनाप्रौद्योगिकीमध्यस्थनियमेषु संशोधनं कृत्वा भारतसर्वकारेण प्रथमवारं एआई-जनितसामग्री-यथा डीपफेक-वीडियो, सिंथेटिक-श्रव्यं, हेरफेर-दृश्यानि च-औपचारिक-नियामक-रूपरेखायाः अन्तर्गतं आनयत् कृत्रिम बुद्धि प्रतिनिधि प्रतिमा - कृत्रिम बुद्धि नवीदिल्ली-केन्द्रसर्वकारेण डीपफेक, एआइ-जनितसामग्री च विषये डिजिटलविनियमाः कठिनाः कृताः। प्रौद्योगिक्याः दुरुपयोगं निवारयितुं एतस्य तत्काल आवश्यकता आसीत्। नकलीसामग्रीभिः सह छेदनं कृतं श्रव्यं, भिडियो, चित्रं च न केवलं सामाजिकसौहार्दं बाधते अपितु सामान्यजनस्य राष्ट्रियसुरक्षायाः च कृते खतराम् अपि जनयति नियन्त्रणं न उद्देश्यम्। यदा कदापि सामाजिकमाध्यमेषु नियमाः कार्यान्विताः भवन्ति तदा अभिव्यक्तिस्वतन्त्रतायाः प्रश्नः-तथा च सर्वकारः कियत्पर्यन्तं निगरानीयं कर्तुं शक्नोति-तथा तत्क्षणमेव उत्थाप्यते। अस्मिन् सन्दर्भे नूतनाः नियमाः महत्त्वपूर्णाः सन्ति; ते नियन्त्रणस्य अपेक्षया नियमनं प्राधान्यं ददति। दर्शकाः वास्तविकं नकली च भेदं कर्तुं शक्नुवन्ति इति सुनिश्चितं कर्तुं उद्देश्यं भवति, तस्मात् सामग्रीयाः दुर्भावनापूर्णप्रयोजनार्थं उपयोगः न भवति। बालकानां कृते सर्वोत्तम जनभाषणपाठ्यक्रमः।

एतानि ५ पुस्तकानि पुस्तकप्रेमिणां कृते शीर्षपरिचयः अभवन्

# गतसप्ताहस्य बेस्टसेलरसूचीनां अग्रणीः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अङ्कीययुगे यत्र असंख्यमनोरञ्जनविकल्पाः सन्ति, तत्र पाठकानां पुस्तकेषु आकर्षणं अक्षीणं वर्तते। गतसप्ताहे वैश्विकपुस्तकविपण्येषु प्रमुखेषु बेस्टसेलरसूचिकासु च अनेकानि पुस्तकानि दृढं चिह्नं कृतवन्तः, येन पाठकानां, समीक्षकाणां, प्रकाशनजगत् च समानरूपेण विशेषं ध्यानं आकर्षितम्। साहित्यं, साहसिकं, रहस्यं, सामाजिकविषयाणि, मानवसम्बन्धः च इत्यादिषु विषयेषु केन्द्रीकृतानि एतानि पुस्तकानि विलक्षणविक्रयसफलतां प्राप्तवन्तः। अद्यतन-बेस्टसेलर-सूचिकानुसारं पञ्च पुस्तकानि विशेषतया उत्तिष्ठन्ति स्म, पाठकानां कृते शीर्ष-विकल्परूपेण उद्धृताः।

गतसप्ताहे सर्वाधिकं चर्चां जनयन्तः पुस्तकानां सूचीयां शीर्षस्थाने इति पुस्तकम् आसीत्। प्रशंसितलेखिका एन् पैचेट् इत्यस्याः एतत् ग्रन्थं पाठकेषु द्रुतगत्या लोकप्रियतां प्राप्तवान् अस्ति। कथा सम्बन्धान्, स्मृतिः, जीवनस्य परिवर्तनशीलमार्गान् च परितः परिभ्रमति, मानवीयभावनानां, पारिवारिकसम्बन्धानां च गहनं चित्रणं प्रददाति साहित्य-उत्साहिणः अस्य भावनात्मक-प्रतिध्वनिं, आकर्षक-कथां च प्रशंसन्ति, येन अनेकेषु प्रमुखेषु बेस्टसेलर-सूचिकासु शीर्षस्थानं सुरक्षितं कर्तुं साहाय्यं कृतम्।

कालः पाठकानां ध्यानं आकर्षितवान्, द्वितीयं स्थानं सुरक्षितवान्। कैरो क्लें बर्क इत्यनेन लिखितं एतत् पुस्तकं काल्पनिकतायाः इतिहासस्य च अद्वितीयं मिश्रणं प्रस्तुतं करोति। कथा एकस्याः स्त्रियाः अनुसरणं करोति या सहसा अतीतं प्रति परिवहनं प्राप्नोति, तस्याः युगस्य आव्हानानां सामना कर्तव्यः च।




आधुनिकजीवनस्य ऐतिहासिकपरिस्थितेः च विपरीतता पाठकान् रोमाञ्चकारी अनुभवं प्रदाति। पुस्तकस्य मौलिकसंकल्पना, आकर्षककथाकथना च तस्य लोकप्रियतायाः तीव्रवृद्धिं प्रेरितवती अस्ति।

तृतीयं उल्लेखनीयं पुस्तकं हर्वेस्ट् सीजन इति आसीत्, यत् कथापाठकानां मध्ये विशेषं स्थानं उत्कीर्णं कृतवान् अस्ति। लेखिका ब्रिन् वीवर इत्यस्य एतत् कृतिं रहस्यस्य, साहसिकस्य, भावनात्मकस्य च नाटकस्य मिश्रणं गण्यते। कथा पाठकान् आरम्भात् अन्ते यावत् मोहितं स्थापयितुं सफला भवति। प्रकाशन-उद्योगविशेषज्ञाः अस्य सफलतायाः कारणं अस्य द्रुतगति-कथानकस्य, आकर्षक-पात्राणां च कारणं वदन्ति। अत एव गतसप्ताहस्य सर्वोत्तमविक्रेतासूचौ प्रमुखतया दृश्यते स्म।

'तलाकः' चतुर्थे स्थाने दृढतया स्थापितः अस्ति। लोकप्रियलेखिका फ्रेडा मेक्फैडेन् इत्यनेन लिखितं एतत् पुस्तकं रहस्येन मनोवैज्ञानिकतनावेन च डुबन्तां कथां प्रदाति। वैवाहिकगतिशीलता, गुप्त रहस्यं, अप्रत्याशितविवर्तनं च केन्द्रीकृतं ग्रन्थं पाठकान् निरन्तरं मोहितं करोति। विशेषतः अङ्कीय-श्रव्यपुस्तकदर्शकानां मध्ये अस्य उल्लेखनीयं लोकप्रियता प्राप्ता अस्ति। अनेकेषु बेस्टसेलर-सूचिकासु अस्य निरन्तरं उपस्थितिः अस्य क्षणस्य सर्वाधिक-चर्चितपुस्तकेषु अन्यतमम् इति चिह्नयति।

महाराष्ट्रे प्रमुखा त्रासदी :

## कीर्तनस्य समये हनुमानमन्दिरस्य निमार्णाधीनमण्डपस्य पतनम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ परभनी

महाराष्ट्रस्य परभनीमण्डलस्य मनवटतालुके प्रसिद्धे यशवादी मारुतिमन्दिरसङ्कुले एकः प्रमुखः त्रासदी अभवत्। मन्दिरस्य पुरतः स्थितः निमार्णाधीनः सभामण्डपः (मण्डपः) सहसा भक्तानाम् उपरि पतितः। प्रारम्भिकाः सूचनाः पञ्च मृत्योः सूचयन्ति, यदा तु ३० तः ४० जनाः मलिनमण्डपस्य अधः फसन्ति इति भयं प्रशासनस्य कृते गम्भीरचिन्ता जनयति

कीर्तनस्य समये दुर्घटना भवति; अराजकता च क्रन्दनानि च उद्भवन्ति शनिवासरः इति कारणतः यशवादी मारुति (हनुमान) मन्दिरे पूजार्थं दर्शनार्थं च भक्तानां विशालः समूहः समागतः आसीत्। मन्दिरसङ्कुलस्य मध्ये कीर्तन (भक्तिगायनम्) इत्यादयः अनेके धार्मिककार्यक्रमाः प्रचलन्ति स्म, निमार्णाधीनमण्डपस्य अधः च बहूनां भक्ताः उपविष्टाः आसन् कार्यक्रमः सुचारुतया प्रचलति स्म यदा मण्डपस्य छतम् सहसा ताशगृहवत् पतितम्। तत्क्षणमेव अराजकता, आक्रोशः च प्रवृत्ताः, घटनास्थले उपस्थिताः नागरिकाः तत्क्षणमेव पीडितानां उद्धाराय स्वयमेव मलिनमवशेषं स्वच्छं कर्तुं आरब्धवन्तः

आहतैः पूरिताः चिकित्सालयाः; मृत्योः संख्यायाः वर्धमानस्य भयम् अस्मिन् घोरदुर्घटने बहवः भक्ताः गम्भीराः चोटाः अभवन् इति कथ्यते। क्षतिग्रस्तानां चिकित्सायाम् आर.पी.अस्पताले अन्येषु समीपस्थेषु चिकित्साकेन्द्रेषु च त्वरितरूपेण प्रवेशः कृतः। परन्तु प्रशासनेन अद्यापि आहतानाम् सटीकसङ्ख्यायाः विषये आधिकारिकपुष्टिः न जारीकृता। दृश्यात् उद्धृतं दुःखदं भिडियो, चित्रं च दृष्ट्वा मृतानां संख्या वर्धयितुं शक्नोति इति गम्भीरः आशङ्का वर्तते। युद्धपदे उद्धारकार्यक्रमः प्रचलति दुर्घटना ज्ञात्वा मण्डलप्रशासनं, भारी पुलिसबलं, उद्धारदलानि च तत्क्षणमेव तत्स्थलं प्रति गतवन्तः।

## आर्थिकविशेषज्ञानाम् अनुसारं ८ वेतनआयोगस्य अनुशंसाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सेवास्थितौ च सुधारस्य अनुशंसा अपि कर्तव्या इदानीं कर्मचारिणां अपेक्षाणां राजकोषीयस्थिरतायाः च समुचितं सन्तुलनं स्थापयितुं सर्वकारस्य आव्हानं वर्तते। आर्थिकविशेषज्ञानाम् अनुसारं ८ वेतनआयोगस्य अनुशंसाः केवलं सर्वकारीयकर्मचारिणां कृते एव सीमिताः न भविष्यन्ति; ते व्यापक अर्थव्यवस्थायां अपि प्रभावं करिष्यन्ति। वेतनवृद्ध्या उपभोगक्षमता वर्धयितुं शक्यते, तस्मात् विपण्यां विविधक्षेत्रेषु च माङ्गं उत्तेजितुं शक्यते। अपरपक्षे वर्धितः सर्वकारीयव्ययः राजकोषीयघातं, बजटप्रबन्धनं च प्रभावितं कर्तुं शक्नोति। सम्प्रति आयोगः सुझावानां, आग्रहाणां च परीक्षणं कुर्वन्।

## राशिफल

**मेष** : परिवार के किसी सदस्य की सलाह काम आ सकती है। स्वास्थ्य को इमोशनल सपोर्ट की आवश्यकता हो सकती है।

**वृषभ** : सेहत को लेकर लापरवाही न करें। सेहत अच्छी रहेगी। कॉन्फिडेंस के साथ लेकिन प्यार से काम करें।

**मिथुन** : धन की स्थिति अच्छी रहेगी। अविवाहित जातकों की लाइफ में किसी खास व्यक्ति की एंट्री हो सकती है।

**कर्क** : धन संबंधी मामलों में सावधानी बरतें, वरना नुकसान हो सकता है। सेहत पहले से बेहतर महसूस होगी।

**सिंह** : शाम के समय मन हल्का और खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन के साथ आय में वृद्धि मिल सकती है।

**कन्या** : ओपन रहें, प्यार से बात करें, और ऐसे ऑफर स्वीकार करें, जो आपके मूल्यों और स्पीड से मेल खाते हों।

**तुला** : आराम के लिए भी समय निकालें। यह एक छोटा सा बिजनेस शुरू करने का अच्छा टाइम है।

**वृश्चिक** : परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत लोगों की नजर में आएगी।

**धनु** : फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट के मामले में सावधान रहें। आज सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मकर** : आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिणामों को अपने लिए बोलने दें। आपका कॉन्फिडेंस आपके लिए नए मौके लेकर आएगा।

**कुंभ** : कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या भी आपको परेशान नहीं करेगी। छोटी-छोटी जीत से मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं।

**मीन** : आज शांति बनाए रखें। शिवजी को जल चढ़ाएं, लाभ मिलेगा। परिवार में सामान्य माहौल रहेगा। खुद को शांत रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# कैसे रहेंगे आपके करियर के लिए आने वाले 6 महीने ? पढ़ें कुछ बड़ी भविष्यवाणी


ज्योतिष के अनुसार, साल 2026 के अंतिम 6 महीने कई राशियों के करियर में बड़ा बदलाव आ सकता है। इसके अलावा समय आपके लिए नई उपलब्धियां भी लेकर आने वाला है। लेकिन कुछ की परेशानियां भी बढ़ सकती हैं।

साल 2026 का आधा सफर पूरा हो चुका है, जो बेहद खास और प्रभावी रहा। इसके अलावा अब आने वाले 6 महीने ज्योतिष के लिहाज से और भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बता दें, साल खत्म होने से पहले ज्ञान और भाग्य के कारक गुरु सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं राहु-केतु का राशि परिवर्तन और कई ग्रहों की चाल में भी बदलाव देखने को मिलेगा। ज्योतिषियों के अनुसार, इन ग्रह-गोचरों का सीधा असर नौकरी, व्यापार, प्रमोशन से लेकर जातकों की करियर ग्रोथ पर पड़ सकता है। ऐसे में आइए 12 राशियों की करियर को लेकर कुछ भविष्यवाणी को जानते हैं।

**मेष राशि-** आपके लिए यह 6 महीने करियर में नई शुरूआत वाले साबित होंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है लेकिन आपकी स्थिरता आपको आगे बढ़ाएगी। साल के अंतिम महीनों में आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। इस समय प्रमोशन और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में शुभ समाचार मिल सकता है। आप कोई नया काम भी कर सकते हैं।

**वृषभ राशि-** करियर को लेकर यह समय मेहनत ज्यादा और परिणाम थोड़ा देर से देने वाला रहेगा। आपको आगे बढ़ने के कई अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी और बिजनेस दोनों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नई परियोजनाओं में सफलता मिलने की संभावना है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए समय सामान्य रहेगा। नए



संपर्क भविष्य में लाभ दिलाएंगे। विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। कोई खास संबंध किसी से बन सकता है। व्यावसायिक सौदों के लिए समय अनुकूल रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे।

**कर्क राशि-** करियर में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। ऑफिस में आपके काम की सराहना होगी। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए समय करियर में बड़ी उपलब्धियां दे सकता है। प्रमोशन या नई नौकरी मिलने के मजबूत योग बन रहे हैं। नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और आपके निर्णयों का सम्मान होगा। समाज में खूब सम्मान आपका बढ़ने वाला है। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए समय सफलता से भरा रहेगा। अगले 6 महीने सीखने और आगे बढ़ने के रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापार में कुछ उतार-चढ़ाव संभव हैं लेकिन साल के अंत तक लाभ के संकेत हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने की संभावना है। सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है।

**तुला राशि-** नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय स्थिरता लेकर आएगा। कला के क्षेत्र में मनचाहे परिणाम प्राप्त होने वाले है। पार्टनरशिप में काम करने वालों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बनेंगे। बिजनेस करने वालों को किसी बड़ी डील से लाभ मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि-** आपको सरकारी क्षेत्रों में अच्छे संकेत प्राप्त होंगे। करियर के मामले में यह समय बदलाव भरा रह सकता है। नए प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के संकेत हैं। अचानक नए अवसर सामने आ सकते हैं। परिवार में खुशियां बनी रहेगी, क्योंकि आपकी मेहनत रंग लेकर आएगी।

**धनु राशि-** भाग्य का अच्छा साथ मिलने वाला है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरी में प्रमोशन या वेतन वृद्धि की संभावना बन रही है। ऑफिस में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आप बहुत समझदारी से अपने बजट को संभाल लेंगे। व्यावहारिक योजनाएं ही आपको सटीक परिणाम देंगी।

**मकर राशि-** करियर में स्थिरता बनी रहेगी लेकिन काम का दबाव बढ़ सकता है। व्यापार में निवेश सोच-समझकर करना होगा। साल के अंतिम महीनों में स्थिति पहले से बेहतर होगी। आत्मविश्वास आपको चुनौतियों से पार पाने में मदद करेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि-** नौकरी और व्यवसाय दोनों में नए अवसर मिलेंगे। आने वाले 6 महीने करियर में सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे। धैर्य और समझदारी से काम लेना जरूरी होगा। करियर में बदलाव की योजना बना रहे लोगों के लिए समय अच्छा है। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे।

**मीन राशि-** नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होने के संकेत हैं। मेहनत का पूरा फल मिलने लगेगा। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान और नई उपलब्धि मिल सकती है। जिम्मेदारियों को निभाने से पीछे न हटें। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव बढ़ेगा। काम का दबाव अचानक बढ़ सकता है।

विमेंस वर्ल्डकप में भारत का सेमीफाइनल पहुंचना मुश्किल

# ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराना पड़ेगा

## टूर्नामेंट से 4 टीमें बाहर हो चुकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैनचेस्टर

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-अ का समीकरण पूरी तरह बदल गया है। मंगलवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में उसकी पहली हार दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158/7 रन बनाए थे। आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने टारगेट हासिल कर लिया।

इस हार के बाद भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। टीम को अब अपने बाकी दोनों मुकाबले बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतने ही होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, आयरलैंड और स्कॉटलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

ग्रुप-अ में ऑस्ट्रेलिया, भारत, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच सेमीफाइनल की जंग जारी है। ऑस्ट्रेलिया का रनरेट (+4.724) सबसे बेहतर है। भारत का रनरेट साउथ अफ्रीका से बेहतर है। ग्रुप-बी में मेजबान इंग्लैंड और वेस्टइंडीज मजबूत स्थिति में है।



### भारत कैसे पहुंच सकता है सेमीफाइनल?

साउथ अफ्रीका से हार के बाद भारत के दोनों मैच नॉकआउट जैसे हो गए हैं। टीम अपना अगला मुकाबला 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 28 जून को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत के लिए बांग्लादेश के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया को हराना कहीं ज्यादा मुश्किल होगा। आंकड़े भी यही बताते हैं। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 23 में से 20 टी-20 जीते हैं। वहीं टी-20 वर्ल्डकप में भी भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले सभी तीन मुकाबले अपने नाम किए हैं।

### भारत सेमीफाइनल में पहुंचेगा अगर...

- भारतीय टीम अपने दोनों मैच जीत जाए। इस स्थिति में टीम के 8 अंक होंगे। इंडिया का नेट रन रेट साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश से बेहतर है। ऐसे में टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।
- अगर भारत बचे हुए 2 मैचों में से एक हार जाती है। ऐसे में भारत के 6 अंक होंगे। ऐसे में इंडिया के फैंस को ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के एक मैच हारने की प्रार्थना करनी होगी। इस स्थिति में फैसला नेट रन रेट से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। दोनों टीमों के बीच 38 टी-20 मैचों में भारत को सिर्फ 9 जीत मिली हैं। वहीं टी-20 वर्ल्ड कप में भी ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने 5 और भारत ने सिर्फ 2 मैच जीते हैं। पाकिस्तान पर जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है। टीम ने अब तक खेले चारों मैच जीते हैं और 8 अंकों के साथ ग्रुप-अ में टॉप पर है। उसका नेट रनरेट भी सबसे बेहतर (+4.724) है। ऑस्ट्रेलिया को लीग स्टेज में अपना आखिरी मुकाबला 28 जून को भारत के खिलाफ खेलना है। अपने आखिरी लीग मैच में भारत को हरा दे। इस स्थिति में टीम 10 अंक के साथ ग्रुप-ए के टॉप पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। आखिरी मैच हारने की स्थिति में ऑस्ट्रेलिया 8 अंक वाले ट्रैफिक में फंस सकता है। यह तब संभव होगा जब भारत और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मैच जीत लें।

## रोनाल्डो 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ह्यूस्टन

पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो 6 फुटबॉल वर्ल्डकप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 41 साल के रोनाल्डो ने ह्यूस्टन स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के खिलाफ छठे मिनट में गोल दागकर यह रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने 39वें मिनट में दूसरा गोल भी किया। इन्हीं गोल की मदद से पुर्तगाल ने 5-0 की जीत हासिल की।

रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले प्लेयर भी बने। उनके नाम 10 गोल हैं। उन्होंने पुर्तगाल के स्ट्राइकर यूसेबियो के 9 गोल को पीछे छोड़ा।

## हॉकी प्रो लीग- भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान को 4-3 से हरा दिया। लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में भारत ने 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। टीम के लिए अभिषेक, नीलकांत शर्मा, सुखजीत सिंह और राजिंदर सिंह ने गोल किए। वहीं, पाकिस्तान की तरफ से अहमद नदीम और कप्तान अबू महमूद और शकील मोईन ने गोल किया।

पिछले 10 साल में भारतीय टीम पाकिस्तान से कोई मुकाबला नहीं हारी है। दोनों टीमों के बीच पिछले 18 मुकाबलों में भारत ने 16 जीते हैं। 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार भारत को दिसंबर 2016 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में हराया था। भारत ने मैच की शुरूआत अटैक से की, लेकिन गोल नहीं कर सका। इसके उलट



पाकिस्तान ने अपने पहले ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दाग दिया। अहमद नदीम ने 10वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने फाउल की अपील की, लेकिन अंपायर ने गोल बरकरार रखा। दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया। दिलप्रीत सिंह के शानदार क्रॉस पर अभिषेक ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग फ्लिक को पाकिस्तान ने रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर नीलकांत शर्मा ने गेंद को नेट में पहुंचाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी।

## खबर एक नजर...

### कंचनपुरा में रात ढाई बजे हुई मारपीट और तोड़फोड

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के कंचनपुरा में सोमवार-मंगलवार रात ढाई बजे महेशचंद्र पिता ब्रजपाल रायकवार 65 साल और पिंटू पिता राकेश सूर्यवंशी के बीच रास्ते में खड़ी कार हटाने और साइड देने की बात पर विवाद हो गया। पिंटू ने महेशचंद्र और उसके दामाद के साथ झूमाझटकी करते हुए घर में घुसकर पत्थर से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं महेशचंद्र की ओर से पिंटू के साथ लोहे के पाइप से मारपीट की गई और कार में तोड़फोड़ कर नुकसान किया गया। दोनों के बीच विवाद की खबर लगते ही पुलिस रात में कंचनपुरा पहुंची। मंगलवार तड़के सवा चार बजे महेशचंद्र रायकवार ने थाने पहुंचकर दामाद और उसके साथ घर में घुसकर की गई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। वहीं सुबह सवा नौ बजे पिंटू ने भी कार में हुई तोड़फोड़ और अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच कर रही है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले किसान की हुई मौत

**उज्जैन।** कानड़ के फालवा चौमा के रहने वाले किसान जगदीश पिता रामलाल सिसौदिया 33 साल को मंगलवार सुबह खेत पर काम करते समय सांप ने डंस लिया। परिवार स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से उज्जैन रैफर किया गया, लेकिन उज्जैन पहुंचने से पहले रास्ते में किसान की मौत हो गई। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। कोतवाली चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि खेत पर झाड़ियां हटाते समय सांप ने डंसा था। जगदीश 2 बच्चों को पिता था और उसके हार्ट का उपचार भी चल रहा था। बारिश का मौसम शुरू होते ही जहरीली जानवरों का बिल से निकलना शुरू हो गया है। सावधानी नहीं रखने पर सर्पदंश की घटनाओं में अब इजाफा हो सकता है।

### जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच हुआ विवाद

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवेली में जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। मामला मारपीट में बदला और एक पक्ष की ओर से तलवार निकालकर हमले का प्रयास किया गया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नवेली में रहने वाले संतोष पिता नारायण धानक और सुनील पिता गोवर्धनसिंह आंजना के बीच जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद संतोष धानक जमीन हांकने पहुंचा था। जिसको रोकने के लिये सुनील आंजना पहुंच गया। दोनों के बीच विवाद हुआ और परिवार भी मारपीट में शामिल हो गया। संतोष और उसका भाई अर्जुन घायल हुए है। वहीं दूसरे पक्ष से सुनील आंजना को चोंट लगी है। सुनील का आरोप था कि विवाद के बाद संतोष और अर्जुन ने तलवार निकालकर हमले का प्रयास किया।

### खेत बंटाई पर देने से मना किया तो भाई ने फोड़ा सिर

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरोला में रहने वाले संतोषसिंह पिता गजराजसिंह और उसके भाई दिनेशसिंह बैस की 7 बीघा जमीन थी। पिता का निधन होने पर 1 बीघा जमीन बेचकर दोनों भाई ने 6 बीघा जमीन आधी-आधी बांट ली थी। हिस्सा होने के बाद संतोषसिंह परिवार के साथ देवास की तुलजा विहार कालोनी में रहने चला गया था। उसने अपने हिस्से की जमीन बंटाई पर भाई दिनेश को सौंप दी थी। 2 साल से संतोष ग्राम मंगरोला पहुंचा और दिनेश से कहा कि वह अब बंटाई पर जमीन नहीं देगा। इस साल वह खुद खेती करेगा। दिनेश ने जमीन देने से मना किया और दूसरी जमीन पर खेती करने की बात कहने लगा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ और दिनेश ने पत्थर से संतोषसिंह का सिर फोड़ दिया। घायल संतोष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुलिस की मदद से हुआ भिक्षुक का अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** अलीराजपुर का रहने वाला आजाद पिता कैलाश 75 साल पत्नी के साथ पिछले चार सालों से महाकाल मंदिर और आसपास के क्षेत्र में भिक्षावृति कर रहा था। दोनों पति-पत्नी ने कार्तिक मेला ग्राउंड को अपना ठिकाना बना रखा था। पिछले कुछ दिनों से आजाद बीमार चल रहा था। पत्नी ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया था, कुछ दिन चले उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे घर ले जाने की सलाह दे दी थी। पत्नी कार्तिक मेला ग्राउंड ले आई थी। सोमवार रात आजाद की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार सुबह मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव पत्नी को सौंपा गया। लेकिन पत्नी ने अंतिम संस्कार का खर्च नहीं उठा पाने की बात कहीं। एएसआई श्रवण कुमार ने मानवता का दायित्व निभाते हुए चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार कराया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 120-3 | 167-4 |
| मेन बाजार | 156-2 | 360-9 |
| मिलन डे | 790-6 | 157-3 |
| मिलन नाइट | 346-3 | 190-0 |

1 6 9

---

खेत के पास बनी शासकीय डबरी में 20 फीट गहराई में लिपटे मिले शव, बाहर पड़े थे कपड़े चप्पल

# रलायता भोजा की शासकीय डबरी में डूबे 2 चचेरे भाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

खेत के पास बनी शासकीय डबरी में मंगलवार दोपहर नहाने गये दो नाबालिग चचेरे भाई डूब गये। गांव वालों को खबर मिली तो तलाशी अभियान शुरू किया गया। 20 फीट की गहराई में दोनों के शव लिपटे मिले। देर शाम दोनों को पोस्टमार्टम कराया गया।

भैरवगढ़ थाना एसआई महेन्द्रपालसिंह सेंधव ने बताया कि ग्राम रलायता भोजा में बनी डबरी में शाम 4 बजे के लगभग 2 चचेरे भाईयों रितेश पिता भगवान बागरी 15 साल और आयुष पिता भैरूलाल बागरी 11 साल के डूबने की खबर मिली थी। पुलिस रलायता भोजा पहुंचती उससे पहले गांव वालों ने तलाशी अभियान शुरू कर उनके शव निकाल लिये थे। जिन्हे परिवार अस्पताल लेकर पहुंचा था। मामले में दोनों के मौत की पुष्टि होने पर मर्ग कायम किया गया और शाम 6.30 बजे के लगभग पोस्टमार्टम कराया। परिवार दोनों के शव अंतिम संस्कार के लिये गांव ले गया है।



एसआई सेंधव के अनुसार परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि रितेश कक्षा 8 वीं और आयुष कक्षा 5 वीं का छात्र था। दोनों के परिवार का खेत डबरी के पास है। दोनों नहाने के लिये गये थे उनके कपड़े और चप्पल बाहर पड़े मिले है। दोनों को डूबते गांव के एक व्यक्ति ने देखा था। जिसने परिवार और गांव वालों को सूचना दी थी। दोनों चचेरे भाईयों की मौत से परिवार काफी गमगीन हो गया था। आयुष के पिता की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। रितेश के पिता गुमशुम थे, रितेश परिवार का एकलौता पुत्र था।

#### मांगीलाल ने निकाले दोनों के शव

पोस्टमार्टम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 2 सगे भाईयों के दो बच्चों के डूबने की खबर मिलने पर गांव वाले तलाश करने पहुंचे थे। इस दौरान मांगीलाल ने गोता लगाया और 20 फीट की गहराई तक पहुंचा। दोनो चचेरे भाई आपास में लिपटे मिले। मांगीलाल ने दोनों को एक-एक कर बाहर निकाला। आशंका जताई गई कि आयुष के गहराई में जाने पर रितेश उसे बचाने पहुंचा होगा। आयुष ने उसे जकड़ लिया होगा, रितेश को भी तैरना नहीं आता था, जिसके चलते दोनों साथ में डूब है।

#### 2 दिन की बारिश से भरी थी डबरी

पोस्टमार्टम के लिये आये गांव वालों ने बताया कि डबरी शासकीय है, कुछ दिनों पहले ही जेसीबी से गहरीकरण किया था। डबरी में पानी काफी कम था, शनिवार और सोमवार को हुई बारिश के चलते डबरी पूरी तरह से भर गई थी। जिसका पानी काफी मटमैला हो रहा है। तलाशी अभियान के दौरान मटमैले पानी की वजह से तलाश करने वालों को परेशानी का सामान करना पड़ा।

## महिला यात्री का पर्स चोरी कर ट्रेन से कूदा बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल दर्शन के बाद वापस ट्रेन से लौट रहे परिवार की महिला का पर्स बदमाश ने चोरी किया और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। मामले में जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

महाराष्ट्र के ठाणे की रहने वाली संगीता पति सोहन वर्मा 42 साल परिवार के साथ 20 जून को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आई थी। परिवार ने 2 दिनों तक देवदर्शन किये। उसके बाद वापस मुम्बई लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचे और बांद्रा टर्मिनल्स स्पेशल ट्रेन में सवार हुये। प्लेटफार्म से ट्रेन के रफ्तार पकड़ते ही पहले से कोच में सवार बदमाश ने संगीता का पर्स चोरी किया और भागता हुआ ट्रेन से कूदकर भाग निकला। संगीता ने शोर भी मचाया लेकिन यात्री कुछ समझ पाते उससे पहले बदमाश भागने में सफल हो गया। संगीता की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जीआरपी सीसीटीवी कैमरों से बदमाश का पता लगाने के प्रयास कर रही है। बदमाश द्वारा चोरी किये गये पर्स में 20 हजार रुपए, चांदी के आभूषण और अन्य सामान रखा होना सामने आया है।

**चार यात्रियों के चोरी गये मोबाइल-** चलती ट्रेन और प्लेटफार्म से चार यात्रियों के मोबाइल-पर्स चोरी के मामले भी जीआरपी के पास पहुंचे है। मंगलवार को धनंजय कुमार गोसाई निवासी बरहरिया सौना जिला सीवान बिहार का मोबाइल प्लेटफार्म 1 पर से अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। धनंजय सोमवार को धनबाद जाने के लिये स्टेशन पहुंचा था। मोबाइल और पर्स की वारदात मोहित सोमवंशी निवासी ठाणे महाराष्ट्र के साथ भी प्लेटफार्म नम्बर 1 पर हुई। पर्स में 5 हजार रुपए रखे थे। इसी प्रकार रतलाम से ग्वालियर का सफर कर रही आरती पिता दिलीपसिंह चौधरी निवासी बिरला नगर ग्वालियर का चलती ट्रेन में 20 जून कोच एस-5 से बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया। चौथा मामला शेखर पिता राजू लोधी निवासी नयापुरा सिहोर के साथ हुआ। शेखर महाकाल दर्शन करने भगत की कोठी एक्सप्रेस के जनरल कोच से आ रहा था। उसी दौरान बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया।

## कालभैरव मंदिर के पास 4 दुकानों में लगी आग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कालभैरव मंदिर के पास मंगलवार तड़के चार दुकानों में भीषण आग लग गई। पांच दमकलों ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, इस दौरान चारों दुकान पूरी तरह स्वाह हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि काल भैरवमंदिर के पास फूलप्रसादी की एक दुकान में तड़के 4.30 बजे के लगभग अचानक आग लग गई। दुकान में पूजन सामग्री रखी होने पर आग तेजी से फैली और आसपास की 3 दुकानों तक लपटे फैल गई। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने



आगजनी देखी तो पहले बुझाने के प्रयास किये लेकिन आग फैली जा रही थी। तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। पांच दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है। लेकिन गनीमत रही कि घटनाक्रम तड़के हुआ, उस दौरान मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की संख्या ना के बराबर थी। अगर यह घटना सुबह 10 बजे बाद होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रतिदिन हजारों की संख्या में देशभर से आने वाले श्रद्धालु कालभैरव मंदिर पहुंचे है।

मामला साइबर फ्रॉड की राशि से गोल्ड खरीदने का

# नर्मदापुरम के तीन ठगों ने भोपाल में चार ज्वेलर्स से खरीदा था सोना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

साइबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले 3 ठगों को माधवनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। तीन ज्वेलर्स से ठगों द्वारा की गई खरीदी के बाद उन्हे खाते होल्ड हो गये थे। उज्जैन पुलिस की जारी विवेचना के दौरान भोपाल में भी चार ज्वेलर्स से गोल्ड खरीदी में साइबर फ्रॉड की राशि का उपयोग होना सामने आया है। अब भोपाल पुलिस ठगों से पूछताछ के लिये उज्जैन आयेगी।

18 जून को माधवनगर थाना पुलिस की हिरासत में आये साइबर फ्रॉड की राशि से गोल्ड की खरीदी करने वाले 3 अंतर्राज्यीय ठगों कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय निवासी नर्मदापुरम का खुलासा एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया था। ठगों ने 6 जून को घासमंडी चौराहा स्थित डीपीके गोल्ड शोरूम से 95 हजार का गोल्ड खरीदा था। क्यूआर कोड के माध्यम से साइबर फ्रॉड की राशि का ट्रांजेक्शन गोल्ड शोरूम के खाते में किया गया था। कुछ समय बाद गोल्ड शोरूम का खाता होल्ड हो गया थ। उसके बाद मामले का खुलासा हुआ था। ठगों ने डीपीके गोल्ड शोरूम के साथ उज्जैन में महावीर ज्वेलर्स और महेश्वरी गोल्ड से भी गोल्ड की खरीदी कर साइबर फ्रॉड की राशि क्यूआर कोड से ट्रांसफर की थी। माधवनगर पुलिस ने तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की थी। इस दौरान पता चला था कि तीनों ने साथियों की मदद मोहम्मद नासिर जिला नागौर (राजस्थान) से ठगी 2.88 लाख की राशि से 91 हजार का गोल्ड महावीर ज्वेलर्स से खरीदा था। वहीं पंजाब के सुरिंदरसिंह के साथ किये साइबर फ्रॉड की राशि 95 हजार से गोल्ड की खरीदी का उपयोग डीपीके ज्वेलर्स पर किया। महेश्वरी ज्वेलर्स से खरीदा गया 92 हजार का गोल्ड उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रहने वाले मनोज कुमार से किये फ्रॉड 99 हजार से खरीदा है। पुलिस ने रिमांड खत्म होने तीनों को जेल भेज दिया था, वहीं साथियों की तलाश में एक टीम दिल्ली रवाना की है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि ठगों के गिरफ्त में आने के बाद सामने आया कि जून माह के प्रथम सप्ताह में तीनों ठग भोपाल में हबीबगंज थाना क्षेत्र के नुपूर ज्वेलर्स, सोनी ज्वेलर्स और कोलार थाना क्षेत्र के आरबी ज्वेलर्स के साथ गणेश ज्वेलर्स से भी गोल्ड की खरीदी साइबर फ्रॉड की राशि से कर उज्जैन आये थे। भोपाल में चारों ज्वेलर्स के खाते होल्ड है, उन्होने साइबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। तीनों के उज्जैन पुलिस की गिरफ्त में आने पर मंगलवार को भोपाल हबीबगंज थाना पुलिस ने भी ठगों के खिलाफ 2 मामले दर्ज कर लिये। अब भोपाल पुलिस पूछताछ के लिये उज्जैन आयेगी।

#### ठगों की जमानत याचिका हुई खारिज

पुलिस पूछताछ पूरी होने के बाद केन्द्रीय जेल भेजे गये ठगों ने मंगलवार को जमानत याचिका न्यायालय में प्रस्तुत की थी। माधवनगर पुलिस ने ठगों के साथियों के फरार होने और भोपाल में भी हुई ठगी की घटना से न्यायालय को अवगत कराया। जिसके बाद न्यायालय ने तीनों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अब तीनों को जेल में ही रहना होगा। भोपाल पुलिस उज्जैन आने के बाद ठगों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कर सकती है। भोपाल में भी ठगों के फुटेज ज्वेलर्स दुकानो पर मिले है।

## पिता को मिली जमानत, जेल से बाहर आया मासूम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पत्नी की आत्महत्या के मामले में जेल भेजे गये पति के साथ चार साल का मासूम भी पिता के साथ रहने की जिद पर भैरवगढ़ जेल भेजा गया था। 39 दिन बाद पिता को जमानत मिली तो मासूम भी जेल से बाहर आ गया।

नागझिरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अप्रैल माह में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद मामले में पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से पति को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश जारी हो गये। पिता के साथ 4 साल का मासूम भी कोर्ट पहुंचा था। उसने पिता के साथ जेल जाने की जिद पकड़ ली। पिता-पुत्र के बीच काफी स्नेह था। मासूम की जिद देखकर न्यायाधीश ने उसे भी जेल भेजने के आदेश दिये और जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि मासूम की पूरी देखभाल की जाये। अधिवक्ता विकास दुबे ने बताया कि पिता के साथ जेल गये मासूम को लेकर उनके द्वारा पिता की जमानत याचिका न्यायालय में प्रस्तुत की। करीब 38 दिनों बाद पिता की जमानत याचिका न्यायालय द्वारा मंजूर कर ली गई और रिहाई के आदेश जारी किये गये। पिता को जमानत मिलते ही मासूम भी जेल से बाहर आ गया।




#### जेल में मिलता था अलग भोजन

चार साल के मासूम ने बताया कि उसे जेल में अलग से खाना मिलता था, जिसमें पराठे और अन्य खाने की चीजे आती थी। अधिवक्ता विकास दुबे ने बताया कि हालांकि कानून की प्रक्रिया अपने निर्धारित मार्ग पर चलती है। लेकिन इस मासूम की मुस्कान और अपने पिता के प्रति उसका लगाव यह दशार्ता है कि हर मुकदमे के पीछे मानवीय भावनाएं भी होती है। पिता और मासूम की रिहाई का दृश्य ऐसा अनुभव बन गया, जिसकी कीमत रूपयों से भी अधिक थी।

#### अधिवक्ताओं और जेल प्रशासन हुआ भावुक

पत्नी की आत्महत्या मामले में जेल भेजे गये पति की जमानत मंजूर होते ही पिता के साथ जेल में रह रहे मासूम को लेने अधिवक्ता विकास दुबे के साथ अधिवक्ता प्रवीणसिंह चौहान, विकास गोमे, अजय राजसिंह राठौर और भूपेन्द्रसिंह चौहान केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान पिता से पहले मासूम उछलता-कूदा जेल से बाहर आया। यह देख जेल विभाग के साथ अन्य बंदी भी भावुक हो गये। बातचीत के दौरान मासूम से सवाल किया गया कि वापस जेल जाना चाहोगें तो उसने मासूमियत से जवाब दिया कि नहीं अब घर जाऊंगा।

फिर चौड़ीकरण निर्माण एजेंसी की लापरवाही निगमायुक्त के सामने आई

# कंठाल से छत्री चौक तक निर्माण एजेंसी पर 5 लाख की पैनल्टी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

चौड़ीकरण कार्य में एक बार फिर निर्माण एजेंसी की लापरवाही सामने आने पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कंठाल से छत्रीचौक तक निर्माण एजेंसी पर 5 लाख का जुमार्ना लगाया है। सती गेट से सराफा मार्ग पर प्रीकास्ट ड्रेन का कार्य धीमी गति से होना पाया गया। पेवर ब्लॉक कार्य में मौजूद लेबर नहीं पाए जाने पर निगम आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी पर यह जुर्माना किया है।

सोमवार रात्रि में आयुक्त मिश्रा कंठाल चौराहे से छत्रीचौक तक प्रचलित चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि भगवान श्री महाकालेश्वर की राजसी सवारी से पूर्व कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य किया जाए। आपने प्रतिदिन के कार्य की प्रगति रिपोर्ट की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि कंठाल चौराहे से सती गेट मकानों के हटाने के पश्चात मौजूद मलबे को रात्रि के समय सम्बंधित ठेकेदार द्वारा अपने संसाधनों एवं मैन पावर को बढ़ाकर हटाने का कार्य किया जाए, प्री मानसून बारिश को दृष्टिगत रखते हुए मार्ग पर चूरी बिछाये ताकि मार्ग पर फिसलन नहीं हो, निरीक्षण के दौरान सती गेट से सराफा मार्ग पर प्रीकास्ट ड्रेन का कार्य धीमी गति ये होना पाया गया। पेवर ब्लॉक कार्य में मौजूद लेबर नहीं पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी पर 5 लाख का जुर्माना किया गया।



**सती गेट से सराफा मार्ग पर प्रीकास्ट ड्रेन, पेवर ब्लॉक कार्य में लेबर नहीं मिले**

- **ये निर्देश भी दिए-** उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग के छोटा सराफा से छत्री चौक तक निगम द्वारा चिह्नित भवनों एवं दुकानों के निशान के अंतर्गत तुड़ाई कार्य को शीघ्र पूर्ण कर नाली निर्माण की गति को बढ़ाए, साथ ही सती गेट पर शेष मकानों को हटाने के साथ स्थानीय रहवासियों से समन्वय कर चौड़ीकरण कार्य को गति प्रदान करे। छत्री चौक चौराहे पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया जाए।
- **ये भी थे साथ-** निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, अधीक्षणयंत्री यंत्री आर के जैन, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी एस परिहार भवन अधिकारी राजकुमार राठौर उपयंत्री राजेंद्र रावत, एवं सम्बन्धित कार्य के ठेकेदार,कंसलटेंट भी मौजूद थे।

#### राजसी सवारी से पूर्व पूर्ण कार्य का लक्ष्य

निगम आयुक्त ने बताया कि बाबा महाकाल की राजसी सवारी के पूर्व निगम द्वारा कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक चौड़ीकरण कार्य पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, स्थानीय नागरिकों के सहयोग के साथ निगम के सभी अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए दिन रात कार्य कर रहे है बारिश के दौरान जलभराव की निकासी के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

#### ढाबा रोड भी पहुंचे

निगम आयुक्त ने छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग के साथ नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया कि छत्री चौक से ढाबा रोड़ पर रात्रिकालीन शिफ्ट में सीआरएम कर शीघ्र डीएलसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, मार्ग के कमरी मार्ग चौराहे पर नाली निर्माण के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित पाए जाने पर वैकल्पिक पाइप लाइन से पानी की निकासी करें, बारिश के दौरान ठेकेदार ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक चूरी का उपयोग मार्ग पर करें ताकि मार्ग पर कीचड़ नहीं हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com